चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 254, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 13 अक्तूबर 2023 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

आदि कैलाश से जागेश्वर तक नमो-नमो...

पीएम ने दी 4200 करोड़ की सौगात

नैनीताल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने आदि कैलाश के दर्शन किए और पार्वती ताल में बैठकर ध्यान लगाया। जिसके बाद वह गूंजी गांव पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने पारंपरिक लोक वाद्ययंत्र बजाया। इस दौरान पीएम मोदी ने स्थानीय कलाकारों, भारतीय सेना, आईटीबीपी और बीआरओ कर्मियों के साथ बातचीत की। पीएम मोदी ने तीनों समूहों के सैनिकों से मुलाकात की। इस दौरान जवानों ने पीएम मोदी को आदि कैलाश की फ्रेम की हुई तस्वीर भेंट की। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव एसएस संधू मौजूद रहे।

हेलीकॉप्टर से आदि कैलाश पहुंचे थे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह हेलीकॉप्टर से आदि कैलाश पहुंचे। प्रधानमंत्री का बेस कैंप में सेना के अधिकारियों ने स्वागत किया। बेस कैंप से प्रधानमंत्री मोदी सड़क मार्ग से पार्वती सरोवर स्थित शिव मंदिर पहुंचे। यहां पर रं समाज के लोगों ने पीएम को पारंपरिक परिधान पहनाकर स्वागत किया।

पीएम मोदी ने डमरू बजाकर की भगवान शिव की आराधना

आदि कैलाश में पुजारी ने पीएम को टीका लगाया। इसके बाद पीएम ने मंदिर में शंख और डमरू बजाकर भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद व्यू प्वाइंट से आदि कैलाश की भव्यता के दर्शन किए। उन्होंने यहां पर बनाए गए ध्यान स्थल से ध्यान भी लगाया। इसके बाद गुंजी के लिए रवाना हुए। पीएम ने गुंजी गांव पहुंकर रं समाज के लोगों से बातचीत की और स्टाल का निरीक्षण किया। इस मौके पर पीएम मोदी रं समाज के पारंपरिक पोशाक पहने दिखाई दिए।

गुंजी गांव में पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया

बता दें कि, पीएम मोदी के गुंजी पहुंचते ही वहां भारत माता की जय के नारे लगने लगे। पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान देखा गया कि गांव की महिलाएं कतार में खड़ी होकर पीएम मोदी का इंतजार कर रही थीं। पीएम मोदी ने वहां खड़े लोगों से मुलाकात की। हाथ जोड़ते हुए पीएम नरेंद्र मोदी सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते रहे।

बुजुर्ग महिला ने पीएम मोदी को दिया आशीर्वाद

इस दौरान एक महिला की गोद में बच्चा दिखाई दिया तो अपने अंदाज में पीएम मोदी ने उस बच्चे के सिर पर हाथ फेरा। इसके बाद एक बुजुर्ग महिला को पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर नमस्कार किया। अपने स्वागत में आई उस बुजुर्ग महिला को देख पीएम मोदी भावुक हो गए और काफी देर तक बुजुर्ग महिला का हाथ पकड़े रहे। इस दौरान बुजुर्ग महिला के पास खड़ी महिला पीएम मोदी को बुजुर्ग महिला के बारे में कुछ बताती नजर आई। जिस बुजुर्ग महिला से पीएम मोदी बात कर रहे थे, उसने पीएम मोदी के सिर पर हाथ फेरकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

पीएम मोदी ने जागेश्वर धाम में की पूजा

जिसके बाद पीएम मोदी अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने भगवान जागनाथ का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने पीएम मोदी की पूजा संपन्न कराई। बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर 12:10 बजे पीएम हेलीकाप्टर से शौकियाथल पहुंचे। जिसके बाद वह कार से जागेश्वर के लिए रवाना हुए। पनुवानौला तिराहे के पास स्थानीय लोगों ने पीएम का अभिवादन किया। पीएम ने अपनी कार से बाहर निकल भीड़ की ओर हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जिसके बाद पीएम जागेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुए गए। यहां उन्होंने महामृत्युंजय सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान जागनाथ का आशीर्वाद लिया। यहां उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय टम्टा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जागेश्वर मंदिर में पूजा करने के बाद प्रधानमंत्री पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने 4200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकर्पण के बाद पीएम ने उत्तराखंड की जनता को संबोधित किया। पीएम ने पहाड़ के लोगों से जुड़ते हुए उनका उत्तराखंड से जुड़ाव का जिक्र किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड के लोग अक्सर उन्हें चिट्ठी लिखते हैं।

इन कार्यों का हुआ शिलान्यास

एनएच 309 में बागेश्वर से कनालीछीना तक डबल लेन सड़क
पिथौरागढ़- घाट- टनकपुर रोड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का ट्रीटमेंट कार्य
प्रदेश के 74 गांवों को जोड़ने के लिए 22 मोटर पुल और 10 पैदल पुल
एसडीआरएफ के लिये आपदा प्रबंधन उपकरण और अग्निशमन सेवाओं का विस्तार
देहरादून में स्टेट इमरजेंसी आपरेशन सेंटर का उच्चीकरण
नैनीताल बलियानाला में भूस्खलन रोकने को ट्रीटमेंट कार्य
प्रदेश के बीस माडल डिग्री कालेज में 15 हास्टल और कंप्यूटर लैब का निर्माण
अल्मोड़ा जनपद के सोमेश्वर में 100 बेड का चिकित्सालय
चंपावत में 50 बेड का अस्पताल
हल्द्वानी में एसट्रोटर्फ हाकी ग्राउंड
रूद्रपुर में विलोड्रोम स्टेडियम
इन कार्यों का हुआ शुभारंभ
76 रोड, 25 पुल और 15 ब्लाक आफीसर बिल्डिंग
कौसानी- बागेश्वर, धारी- डौब- गिरीछीना और नगला- किच्छा मोटर मार्ग का चौड़ीकरण
अल्मोड़ा- पनार, टनकपुर-घाट-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग चौड़ीकरण
जल जीवन मिशन की 457 और तीन कस्बों की पेयजल योजनायें
प्रदेश के 39 ब्रिज और देहरादून में यूएसडीएमए भवन
पिथौरागढ़ थरकोट झील का शुभारंभ
पिथौरागढ़- चंपावत 123 केवी ट्रांसमिशन लाइन
प्रदेश में 21398 पालीहाउस निर्माण योजना
उत्तराखंड में सेब उत्पादन योजना का शुभारंभ

विदेश मंत्री जयशंकर को अब जेड श्रेणी की सिक्योरिटी मिलेगी

नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सुरक्षा अपग्रेड कर दी गई है। इन्हें अब जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इससे पहले विदेश मंत्री को वाई श्रेणी की सुरक्षा का कवर मिलता था।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को उनकी सुरक्षा का प्रभार लेने के लिए कहा है। अभी तक दिल्ली पुलिस यह जिम्मेदारी संभालती थी। 68 वर्षीय जयशंकर की सुरक्षा 'वाई' श्रेणी के सुरक्षा घेरे में दिल्ली पुलिस की एक सशस्त्र टीम कर रही थी। सूत्रों ने बताया कि अब उन्हें सीआरपीएफ द्वारा बड़े 'जेड' श्रेणी के सुरक्षा कवर के तहत सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसमें देश भर में शिफ्टों में 24 घंटे उनके साथ लगभग 14-15 सशस्त्र कमांडो रहेंगे।

पटरियों में खराबी से बेपटरी हो गई थी नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस

नई दिल्ली

बिहार के बक्सर जिले में रघुनाथपुर के नजदीक बुधवार रात को हुए ट्रेन हादसे को लेकर हुई प्रारंभिक जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। इस शुरूआती जांच रिपोर्ट में दिल्ली-कामाख्या नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के पटरी से उतरने का संभावित कारण पटरियों में खराबी बताया गया है। सूत्रों ने यह बात प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के हवाले से कही है। बता दें कि बक्सर जिले में रघुनाथपुर के नजदीक बुधवार रात को हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक घायल हो गए। इस बीच अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि हादसे के उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। दिल्ली-कामाख्या नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस के साथ हुए हादसे की जांच रिपोर्ट में दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के ड्राइवर समेत छह रेलवे अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए है। इसमें कहा गया है कि ऐसा लगता है कि ट्रेन के 23 डिब्बों के बेपटरी होने की घटना पटरियों में खराबी के कारण हुई। दुर्घटना के कारण 52 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया गया है। इस हादसे में लोको पायलट आंशिक रूप से घायल हो गया था और उसके सहायक को गंभीर चोट आई है। खास बात यह है कि इस जांच रिपोर्ट में लोको पायलट के बयान को शामिल किया गया है। लोको पायलट ने बताया कि ट्रेन 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रघुनाथपुर स्टेशन से गुजरी थी। हालांकि इस स्टेशन सेक्शन को पार करते ही भीषण झटका लगा।

अत्यधिक कंपन और भीषण झटके के चलते ब्रेक पाइप का दबाव अचानक कम हो गया और ट्रेन रात 9:52 बजे पटरी से उतर गई। प्रारंभिक रिपोर्ट में रघुनाथपुर स्टेशन के एक गेटमैन और एक प्वाइंटमैन के हवाले से कहा गया है कि उन्होंने ट्रेन के पहियों के पास से चिंगारी निकलती देखी। रिपोर्ट में लोको पायलट और उसके सहायक का ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण नकारात्मक बताया गया।

हरियाणा में मेयरों के अधिकार बढ़े

चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शहरों की सरकार को मजबूत करने की दिशा में एक और बड़ा निर्णय लिया है। निर्वाचित मेयरों को चुनावी साल में ही कई ऐसे अधिकार मिल गए हैं, जिनके लिए वह लंबे समय से प्रयासरत थे। अब मुख्यमंत्री ने मेयरों को निगमों के ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को निलंबित करने का अधिकार और उनकी प्रशासनिक स्वीकृत की राशि भी बढ़ा दिया है।



गुरुवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश की सभी निगमों के मेयरों, सीनियर डिप्टी व डिप्टी मेयरों के साथ एक बैठक की। मुख्यमंत्री ने नगर निगमों के मेयर को जेई सहित ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों को निलंबित करने के लिए अधिकृत किया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने बैठक में मेयरों की प्रशासनिक स्वीकृति को ढाई करोड़ रुपये से बढ़ाकर दस करोड़ रुपये करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह लोगों को इस बारे में जागरूक करें ताकि मॉडल टाउन जैसी पुरानी कॉलोनियों में चल रही ।

खुदरा महंगाई दर 6.83% से घटकर 5.02% पर पहुंची

नई दिल्ली

खुदरा महंगाई दर में सितंबर में गिरावट दर्ज की गई है। यह अगस्त महीने के 6.83 प्रतिशत से घटकर 5.02 प्रतिशत हो गई है। देश की खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में सालाना आधार पर घटकर 5.02 प्रतिशत पर आ गई, यह अगस्त में 6.83 प्रतिशत थी। सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 6.56 प्रतिशत रही जो अगस्त में 9.94 प्रतिशत थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की बात करें तो सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर क्रमशः 5.33 प्रतिशत और 4.65 प्रतिशत रही।

सितंबर में सब्जियों की कीमतें नरम पड़ीं

सितंबर महीने में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 3.39 फीसदी रह गई, जो अगस्त में 26.14 फीसदी थी। सितंबर महीने में अनाज की महंगाई दर 10.95 फीसदी रही। ईंधन और बिजली खंड की महंगाई में सितंबर में शून्य से 0.11 प्रतिशत की गिरावट आई।

आरबीआई गवर्नर ने महंगाई में राहत की जताई थी उम्मीद

इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सितंबर से मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई थी। रिजर्व बैंक के सर्वेक्षण में शामिल अर्थशास्त्रियों समेत पेशेवर पूवानुर्मानकताओं ने अनुमान जताया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सितंबर तिमाही के 6.6 प्रतिशत से घटकर दिसंबर तिमाही में 5.5 प्रतिशत पर आ जाएगी। इसके अलावा मार्च 2024 की तिमाही में यह घटकर 5.1 पर आएगी। वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में खुदरा महंगाई दर 5.2-4.0 के बीच रह सकती है।

सिक्किम आपदा: राहत एवं बचाव कार्य तेज

नई दिल्ली

सिक्किम में आई अचानक बाढ़ के बाद सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत व बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। आपदा के एक सप्ताह बाद फंसे लोगों को निकालने, विस्थापित करने, राहत सामग्री और मरीजों तक दवा पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस आपदा से अभी तक 3 हजार 448 लोगों को सफलतापूर्वक निकाला जा चुका है। इस आपदा से 87 हजार 300 लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। सिक्किम सरकार के मुताबिक बाढ़ से कुल 3 हजार 773 लोग बेघर हुए हैं। इनमें 3 हजार 706 लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, जिन्हें चार जिलों के 24 राहत शिविरों में आश्रय दिया गया है। 90 गांवों के 3 हजार 646 पक्के और कच्चे घर पूरी तरह तबाह हो गए। इस आपदा में अभी तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है और 30 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

हरियाणा के रोहतक में बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम योगी

विश्व में शांति की गारंटी है सनातन धर्म : योगी

रोहतक

सनातन धर्म विश्व में शांति की गारंटी है। एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति का बोध वाक्य ही सनातन धर्म का सत्य है। सभी मत, पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय से जुड़े संतजन उसी सत्य की उपासना के लिए और उसकी पुनर्प्रतिष्ठा के लिए अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। भारत की संत शक्ति कभी पलायन का रास्ता नहीं अपनाती। वो हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है और इसका उद्देश्य केवल लोक कल्याण है। गांव गांव में जनजागरण कर रहे हमारे संतगण आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को ही सिद्ध कर रहे हैं। ये बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा मस्तनाथ मठ द्वारा ब्रह्मलीन महंत श्री चांदनाथ जी योगी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रोहतक में कही। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, योगगुरु स्वामी रामदेव, स्वामी चिदानंद महाराज और बाबा मस्तनाथ मठ के महंत बाबा बालकनाथ सहित देशभर से आए हजारों की संख्या में संतों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत की सनातन परंपरा का वाहक है।

सनातन धर्म एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति के बोध वाक्य का सत्य है। उस सत्य तक पहुंचने के लिए हमारे पंथ, उपसना विधि, संप्रदाय, मत अपने आप को समर्पित किये हुए हैं। रास्ते अलग अलग हो सकते हैं, लेकिन मंजिल एक है और ये मंजिल है सत्य सनातन धर्म की पुनर्स्थापना के कार्य को एकजुट होकर पूरी मजबूती के साथ स्थापित करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

गंगाजल और पूजा सामग्री जीएसटी के दायरे से बाहर

नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने स्पष्ट किया है कि 'गंगाजल' को जीएसटी से छूट दी गई है। सीबीआईसी ने कहा कि देशभर के घरों में पूजा में गंगाजल का उपयोग किया जाता है। इस पूजा सामग्री को भी जीएसटी के तहत छूट दी गई है। सीबीआईसी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि पूजा सामग्री पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लेकर जीएसटी परिषद ने 18-19 मई, 2017 और 3 जून, 2017 को क्रमशः 14वीं और 15वीं बैठक में पूजा सामग्री पर जीएसटी पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में ही उन्हें छूट सूची में रखने का निर्णय लिया गया। इसलिए जीएसटी लागू होने के बाद से ही इन सभी वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है। इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंगाजल पर कथित तौर पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने इसे लूट और पाखंड की पराकाष्ठा करार दिया था।

खबर संक्षेप

भाजपा नेता को मातृ शोक विधायक सहित आदि ने दी श्रद्धांजलि

सहसों। उमरी गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी मंडल सहसों के महामंत्री संजय सिंह की माता बबना देवी लगभग 78 वर्षीय पत्नी भानु प्रताप सिंह की मंगलवार को सायंकाल निधन हो गया वह कई दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं। बुधवार को उनके आवास पर उमरी गांव पहुंच कर क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक दूबे, पूर्व ब्लाक प्रमुख रिंकू सिंह, जिला पंचायत सदस्य भूपेंद्र सिंह, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज, राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, गोरा सिंह, अमर सिंह, पवन शुक्ला, तेज प्रताप सिंह, शत्रु तिवारी, महेंद्र सिंह सहित आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया गया।

डेंगू से एक की मौत, आधा दर्जन परिवार डेंगू से बीमार

अखंड भारत संदेश

उतरांव। धनुपर ब्लॉक अंतर्गत दरोगापुर गांव में आधा दर्जन परिवार के दर्जनों लोग डेंगू की चपेट में आ गए।डेंगू से एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से ग्रामीण सहने में व डरे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग अभी भी सो रहा है। यदि कोई कम नहीं उठाया गया तो। करने वालो की संख्या बढ़ सकती है। डेंगू पीड़ित एक दर्जन से अधिक लोगों का इलाज निजी व सरकारी अस्पतालों में चल रहा है।अभी तक गांव में किसी तरह का छिड़काव गांव में नहीं कराया गया गांव में आधा दर्जन परिवार डेंगू से पीड़ित हैं। रूपचंद 60वर्ष ,बरम देवी 55, पत्नी रूप चन्द्र, धर्मराज 35 पुत्र रूपचंद, पुष्पेंद्र कुमार 12पुत्र धर्मराज, पवन कुमार 16पुत्र रूपचंद व गांव के शिवम सिंह 15,अमर सिंह पुत्र दुष्ट्री देवी 55पत्नी छोटे लाल, पंकज कुमार 11वर्ष, छोटे लाल,नीरज कुमार 25वर्ष पुत्र छोटेलाल,शैलेश पटेल 16पुत्र स्व0 सुधीर सर्वेश पुत्र स्वर्गीय सुधीर, ब्रह्मदीन आदि डेंगू से पीड़ित हैं। डेंगू की चपेट में आने से पवन कुमार 18 पुत्र रूप चंद्र की बेली अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि पवन को बुखार हुआ था। प्लेटलेट घटकर 8 हजार हो गया था।कई निजी अस्पतालो मे इलाज कराया गया। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ बेली में इलाज के दौरान पवन की मौत हो गई थी। परिवार के नीरज कुमार की प्लेटलेट 14000हजार घटकर आ गयी थी।नीरज का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक के पिता रूपचंद दो दिन पहले इलाज कराकर घर लौटे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने तेईस लोगों का सेंपल लिया। सेंपल बुधवार के दिन स्वास्थ्य विभाग टीम पहुंच कर तेईस लोगों का सेंपल लिया।सीएचसी अधीक्षक पीके मिश्रा ने बताया की आशा व एनएम के द्वारा कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई थी।पूरे गांव में फैली है गंदगी गांव में जगह जगह गंदगी फैली हुई है।अभी भी सफाई कर्मी नदारद हैं न तो स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दवा का छिड़काव पूरे गांव में नहीं कराया गया।

गिट्टी लदी ट्रक के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

कोरांव-मेजा मार्ग पर पसना गांव में हुआ हादसा

कोरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के पसना गांव में गुरुवार को भोर में लगभग 4:00 बजे के आसपास घूमने निकले सड़क पर सामने से आ रही गिट्टी लदी ट्रक तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर सड़क पर घूम रहे युवक को अपने चपेट में ले लिया जिससे दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक संदीप कुमार उम्र (18)पुत्र धनगाई प्रजापति निवासी दर्शनी थाना कोरांव बाजार में घर से मजदूरी करने आया था जहां से वह अपने मौसी के घर पसना गांव में गया हुआ था गुरुवार की भोर में उठकर वह घूमने के लिए निकला था की मेजा की ओर से कोरांव की तरह आ रही गिट्टी लदी ट्रक ने अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी पर घूम रहे युवक को अपने चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गई जिससे संदीप की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम लिए भेज दिया मृतक संदीप पांच भाईयों में दूसरे नंबर का था। सूचना मिलते ही परिजनों में घर में कोहराम मच गया और रोते बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए।

फांसी के फंदे से लटक कर युवक ने गवाई जान

बिना पुलिस को सूचना दिए परिजनों ने किया दाह संस्कार

कोरांव। स्थानीय थाना के बाजार शास्त्री नगर मोहल्ले में बीती रात को 11 के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया सुबह जब परिजनों को जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया।परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए बगैर ही छात्र का दाह संस्कार कर दिया। जानकारी के मुताबिक प्रिंस छोटू द्विवेदी पुत्र बबोल निवासी बभनपुरी गांव थाना कोरांव बाजार के शास्त्री नगर मोहल्ले में मकान स्थित है जहां पर रहकर वह अपनी पढ़ाई करता था गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज कोरांव का 11 वीं का छात्र था। छात्र की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। छात्र ने फांसी क्यों लगाई इस बात की कोई जानकारी नहीं मिल सकी परिजनों के मुताबिक शाम को भोजन करके कमरे में सोने चला गया था सुबह जब नही उठा तो देखा गया फांसी के फंदे पर झूल रहा था जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया।परिजनों ने युवक का शव लेकर दाह संस्कार कर दिया।

न्यूज झरोखा

बच्चों को आधारभूत शिक्षा की जरूरत : गिरीश तिवारी

मेजा। ब्लॉक संसाधन केंद्र मेजा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपराव के प्रांगण में शिक्षा चौपाल का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज प्रवीण तिवारी के निर्देश और खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह की अगुवाई में गुरुवार को आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय में कायाकल्प के तहत हो रहे कार्यों एवं बच्चों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम तथा निपुण भारत मिशन के बारे में चर्चा की गई कार्यक्रम में एआरपी गिरीश कुमार तिवारी द्वारा निपुण लक्ष्य प्राप्त करने में अभिभावक एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की जरूरत रेखांकित किया।उन्होंने बताया गया कि जिस प्रकार एयरप्लेन को उड़ाने के लिए रनवे पर एक मिनिमम स्पीड की जरूरत होती है इस तरह से बच्चों के आगे की पढ़ाई को सुचारू रूप से चलने के लिए आधारभूत दक्षताएं कक्षा 1,2,3 की जरूरत है। कार्यक्रम में एआरपी डॉक्टर गोपाल कृष्ण यादव तथा एआरपी कमलाकांत पांडे द्वारा गीत के माध्यम से संबोधन किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सूर्य नारायण तिवारी द्वारा सभी अभिभावकों के धन्यवाद के उपरांत बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।इस मौके पर ग्राम पंचायत पिपराव के प्राथमिक विद्यालय ककराही ,आदिवासी कोल्ही बस्ती, पिपराव ,पूरा पंडितान,धंधुआ और कंपोजिट विद्यालय गडेरिया के प्रधानाध्यापक तथा सहायक अध्यापक और शिक्षामित्र तथा अन्य ग्रामीण और पूर्व प्रधान एसएमसी अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य के सेवा काल के 20 वर्ष पूर्ण, शिक्षकों ने दी बधाई

जंघई। नागरिक पीजी कॉलेज जंघई के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव मालवीय के कार्यकाल को गुरुवार को 20 वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा कराया, प्राचार्य ने समस्त महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वल्पाहार का वितरण करवाया।वर्तमान प्राचार्य नागरिक पीजी कॉलेज इसके पूर्व एमडीपीजी कॉलेज में करीब 18 वर्ष अपनी सेवाएं दे चुके हैं।आयोग से प्राचार्य पद पर चयनित होने पर करीब 2 वर्ष से नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में प्राचार्य पद पर सुशोभित हैं। प्राचार्य द्वारा पचास के करीब किताबें लिखीं गई हैं, और काठमांडू नेपाल विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित भी किया गया।

कोरांव में निःशुल्क दवा उपचार का शिविर आयोजित

कोरांव। बृहस्पतिवार को जीवन रेखा नर्सिंग होम के संचालक डॉ. अशोक मिश्र एवं यूनाइटेड मेडिसिटी प्रयागराज द्वारा निशुल्क निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं दवा वितरण कैंप का सफल आयोजन संपन्न संपन्न हुआ जिसमें डॉ. अशोक मिश्र ने बताया की यूनाइटेड मेडिसिटी से डॉ अश्वनी भटनागर डॉ. चितवन सिंह डॉ. ऐ के परिहार तथा पैरामेडिकल से नदीम मिस कंचन मिस निशा वर्मा कृष्ण मौर्य तथा जीवन रेखा नर्सिंग होम के समस्त स्टाफ ने एवं कैंप डायरेक्टर नरेंद्र कुमार द्विवेदी संतोष कुमार यादव ने लगभग 220 मरीज का निशुल्क हेल्थ चेकअप एवं संबंधित रोग अनुसार दवा का वितरण किया गया। जिसमें बहुत से मरीज बीपी शुगर थायराइड कमर दर्द बुखार जुकाम कुछ को लिवर किडनी आदि रोगो परेशानी पाई गई काम के आयोजन पर जीवन रेखा नर्सिंग होम के संचालक डॉ. अशोक मिश्र ने यूनाइटेड मेडिसिटी की टीम तथा समस्त क्षेत्र वासियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस तरह का कैंप का आयोजन करके क्षेत्र की जनता को निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास किया जाएगा।

राम देखे सिया को, सिया राम को, चारों अंखियां लड़ी की लड़ी रह गयी

जंघई। श्रीराम जानकी मंदिर जंघई की श्रीरामलीला में बुधवार रात्रि को जनकपुरी में फुलवारी का मंचन किया गया मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। जनक नंदिनी सीता व अष्टसखी संवाद को सुनने के लिए दर्शकों की भीड़ रामलीला मैदान में डटी रही। जैसे ही प्रभु श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण एवं गुरु विश्वामित्र के साथ जनकपुरी स्थित बाजार व फुलवारी घुमने आए दर्शकों के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा लीलास्थल गूंज उठा ।फुलवारी में जनकनंदनी सीता ने श्रीराम को देखा तो उन्होंने अपनी सखियों से श्रीराम के बारे में पूंछा इस पर रामायण की चौपाई के साथ अष्टसखी संवाद का बेहतरीन मंचन किया गया मंच पर विराजमान रामायणी के सधे स्वर का भरपूर आनंद दर्शकों ने लिया ।इस अवसर पर महंत चंद्रमादास, श्रीराम की भूमिका आदित्य, लक्ष्मण की भूमिका नीरज, विश्वामित्र की भूमिका लोलारख यादव, सीता की भूमिका गणेश, गौरी की भूमिका ओम एवं माली की भूमिका आतिश ने निभाई ।स्थानीय कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय एवं लीला मंचन से पूरा जंघई बाजार भावविभोर हो गया।

चिन्हांकन के साथ चकिया का ऐतिहासिक रामलीला मंच हुआ स्थाई

सहसों। क्षेत्र के चकिया घरहरा ग्राम सभा की ऐतिहासिक आदर्श रामलीला कमेटी लगभग 50 वर्षों से रामलीला का मंचन करती चली आ रही है। परंतु आज तक कोई स्थाई मंच स्थल का निर्माण नहीं हो सका था। जिससे कमेटी अलग-अलग स्थान पर ग्राम वासियो के निजी भूमि पर लीला का मंचन करती रही है। कमेटी द्वारा अथक प्रयास से वर्तमान ग्राम प्रधान नीता मिश्रा की अगुवाई मे बुधवार को उप जिला अधिकारी फूलपुर अजीत कुमार जायसवाल एवं तहसीलदार ओम प्रकाश शुक्ला के आदेश पर कानूनगो एवं हल्का लेखपाल रितेश केसरवानी तथा आर आई बाबूलाल ने मौके पर रामलीला स्थल का नाप कर चिन्हित करते हुए चकिया गांव की ऐतिहासिक आदर्श रामलीला कमेटी को मंचन के लिए स्थाई मंच प्रदान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधानपति सूरज मिश्र, टीटू तिवारी, कमलाकान्त पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष क्रांतिगुरू गणेश वल्लभ, विष्णुकान्त पांडेय, बृजेन्द्र पटेल, बाबू जी यादव, कमेटी के प्रबंधक कुंवर पांडेय, अध्यक्ष राज कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष सचिन मिश्र, महामंत्री धनंजय शाश्वत, कोषाध्यक्ष शुभम कुशवाहा, मंत्री अखिलेश पांडेय, मेला प्रभारी आनंद पांडेय एवं सुभाष पाण्डेय सहित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

झोले में मिली नवजात बच्ची

जारी। कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी चौकी अंतर्गत सड़वा गांव के समीप नहर के किनारे झाड़ी में एक नवजात बच्ची झोले में पाई गई। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हो गए झोले में बच्ची को देख पुलिस को सूचना दी गई ।सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा इलाज के लिए ले गई। जहां से चौकी इंचार्ज शैलेंद्र यादव चिल्ड्रन हॉस्पिटल प्रयागराज ले जा रहे हैं।

नारियों की सुरक्षा व सम्मान भाजपा की सरकार में ही नीहित : निर्मला पासवान

अखंड भारत संदेश

सहसों। डिजायर यार्ड गेस्ट हाउस सहसों में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा फूलपुर की नारी शक्ति वंदन सम्मेलन जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश की नारियों की सुरक्षा उनका सम्मान एवं व्यापक स्तर पर अधिकार वंदन के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी की सरकार में ही निहित है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने महिलाओं का सम्मान कर उनके हित में बड़ा फैसला लेते हुए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल सदन में पूर्ण बहुमत से पास कराया। नारी सशक्तिकरण के चलते हमारी बहनें एवं बेटियां निर्भीक होकर सड़कों पर चल रही हैं यह केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कड़े कानून का असर है। उन्होंने कहा नारियों की शक्ति एवं नारियों की ललकार से एक बार फिर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन की सरकार बनेगी। सम्मेलन को विशिष्ट अतिथि सांसद फुलपुर केसरी देवी पटेल एवं क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल सहित आदि अतिथियों ने केंद्र सरकार द्वारा इसे देश का एक बड़ा फैसला एवं सराहनीय कार्य बताते हुए संबोधित किया। सम्मेलन का संचालन भाजपा नेत्री अर्चना शुक्ला ने किया। सम्मेलन में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, किरण द्विवेदी, आरती अग्रवाल, रजनी त्रिपाठी, गिरिजा पांडे, राधा रानी, भावना पटेल, भावना मिश्रा, विजयलक्ष्मी चंदेल, पूजा सिंह, प्रमुख बहादुरपुर अरूणेन्द्र यादव डब्बू , संदीप द्विवेदी, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , बब्बू मिश्रा, रोहित केशरी, पुष्कर सिंह, रंजना सिंह परिहार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

शुआट्स फामेर्सी विभाग के पाँच शिक्षक विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों की सूची में

नैनी, प्रयागराज। शुआट्स के पाँच वैज्ञानिकों ने विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों की सूची में जगह बनाई है। फामेर्सी विभाग के प्रो अमिता वर्मा, डॉ विकास कुमार, डॉ दिनेश कुमार पटेल, महफूज उर रहमान एवं कनिका पटेल ने यह उपलब्धि हासिल की है। उक्त सूची में शुआट्स वैज्ञानिकों को शामिल किये जाने का यह लगातार चौथा वर्ष है। अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा यह सूची एल्सेवीयर में जारी की गयी है। इस सूची में विश्व के एक लाख से ज्यादा वैज्ञानिकों के नाम प्रकाशित किए गए हैं। यह सूची वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित शोधपत्र के आधार पर किए गए सर्वे से संबन्धित है। शुआट्स के शोध निदेशक प्रो आलोक मिल्टन लाल ने बताया कि हमारे पाँच वैज्ञानिकों का नाम वैश्विक सूची में आना यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। यह विश्वविद्यालय के शोध अनुकूल वातावरण को जाहिर करता है। इस उपलब्धि से हमारे यहाँ के शोधकताओं को प्रोत्साहन मिलेगा। स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो जी एस शुक्ला ने इस उपलब्धि के लिए खुशी व्यक्त की।

शो पीस बनकर रह गई, पीस कमेटी बैठक

बिजली, पानी सड़क पर बने गड्ढे को लेकर छाया रहा मुद्दा

मांडा। दुगार्पूजा और दशहरा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए भारतगंज पुलिस चौकी पर गुरुवार को पीस कमेटी बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता कर रहे मांडा थानाध्यक्ष संजय संधू ने सभी व्यापारियों को शांतिपूर्वक ढंग से पारंपरिक त्योहार को मनाने की सलाह दी। तथा नव दिन नवरात्र में ध्वनि प्रदूषण पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। जिससे आस पास व्यापारियों को दिक्कत न हो और हिदायत दी कि कानून व्यवस्था को मजबूती से कायम रखा जाए। वही मांडा थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय की गाइड लाइन का पालन करते हुए गंगा में मूर्ति विसर्जित करने के वजाय अधिकारियों द्वारा चिंहित किये गए नदी व तालाबों में ही प्रवाहित किया जाएगा जिससे पानी प्रदूषित न हो और धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों पर खास निगरानी रखी जायेगी। वही बैठक में बिजली पानी का मुद्दा छाया रहा। तो वही दूसरी तरफ जिम्मेदार अधिकारी बैठक से नदारद रहे। बैठक में चौकी प्रभारी दिघिया आशीष कुमार, एसएसआई राम केवल यादव, एसआई रामायण सिंह के अलावा भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, राजीव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, याकीब शंकिल टंकी, तबस्सुम, संजय सोनकर, जितेंद्र केशरी, राजन केशरी, डॉक्टर असद अली, समर बहादुर, मिथलेश मौर्या, श्रीकांत, अवधेश केशरी, दीपु, आदि लोग उपस्थित रहे।

घर मे घुस कर मार पीट कर महिला की आबरू लूटने की कोशिश

मऊआइमा। समूह सखी की महिला सदस्य के हस्ताक्षर न करने पर कोटेदार और उसके परिजन घर में घुस कर मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए महिला की आबरू लूटने की कोशिश की गयी। महिला ने कोटेदार और उसके दो पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला का कहना है कि वह गांव में समूह सखी चलाती है। इसी समूह के कारण गांव के युवक को कोटा मिला तथा वह सदस्य है ।महिला का कहना है कि बिना उसके हस्ताक्षर के पैसों का लेन देन नहीं हो सकता। महिला का आरोप है कि हस्ताक्षर करने को लेकर हुए विवाद में नशे में धुत कोटेदार अपने दोनों पुत्रों को लेकर हाथों लाठी ,डंडा, राड आदि लेकर रात्रि के समय उसके घर में घुस कर उसके पति, ससुर, को मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए आरोप है कि कोटेदार का पुत्र सोनू बदनीयती के इरादे से उसे जमीन पर पटख दिया और साडी खिंच कर अर्धनग्न कर दिया वह किसी तरह इज्जत बचा कर भागी। महिला ने मऊआइमा थाने में कोटेदार ओमप्रकाश, उसके पुत्र सोनू, मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस महिला को मेडिकल के लिए भेज दी है।

सरकार ने खेल को दिया बढ़ावा, युवा ला रहे मेडल : रीता जोशी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़ में 67वीं एथलेटिक्स विद्यालयीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दम

शंकरगढ़। 67वीं जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। मेजबान कालेज राजा कमलाकर इंटर कालेज में सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने दो दिनी प्रतियोगिता का दीप जलाकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात बच्चों ने मार्चपास्ट कर सलामी दी। छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में गीत गाया और मल्हार समूह नृत्य प्रस्तुत किया। सांसद रीता जोशी ने कहा, आज का भारत युवाओं का भारत है। 21वीं सदी का युवा सबसे बढ़कर है। ऊर्जावान और अद्वितीय लगन से परिपूर्ण है। सांसद ने कहा, आज की युवा पीढ़ी किताबों के क्षेत्र के साथ-साथ खेलकूद में भी पूरी दुनिया को अपना दम दिखा रही है। हाकी, क्रिकेट, फुटबाल के अलावा अन्य खेलों में भारतीय युवा सहभागिता कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और देश के लिए मेडल ला रहे हैं। सांसद ने कहा, केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार ने खेलों को खूब बढ़ावा दिया है। हमारी सोच में बदलाव आया है ।नई शिक्षा नीति में शारीरिक शिक्षा, कौशल विकास को बल दिया गया। बच्चों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गईं, उन्हे प्लेटफार्म दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने आए बच्चों को आशीष देते हुए कहा कि आप सभी में आसमान छूने की काबिलियित है और आज अपने पंखों को खोलकर आसमान पर अपना नाम लिख लीजिए। डीआईओएस पी.एन सिंह ने कहा, प्रयागराज से कई छात्र नेशनल तक खेल चुके हैं। कम संसाधन के बावजूद यहां के बच्चे ऊपर तक जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ खेलकूद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निश्चित रूप से यह बच्चे नाम रोशन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व आईजी कवींद्र प्रताप सिंह ने कहा, प्रतिभाएं इन्ही प्रतियोगिताओं से आती हैं, जो खेल मैदान में पसीना बहाते हैं।आप पूरी ईमानदारी से परिश्रम करिए, पूरा देश आपके साथ खड़ा है। कालेज प्रबंधक राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने भी बच्चों का हौसला बढ़ाया। इसके पूर्व प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अंगवस्त्रम भेंटकर स्वागत किया। संचालन डा. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर बृजेशानंद महराज, सह जिला विद्यालय निरीक्षक बीएस यादव, संत प्रसाद पांडेय, संदीप सिंह राठौर, डा. मदन मोहन शंखधर, संजीव तिवारी, मनीष तिवारी, डा. अवधेश कुमार सिंह, डा. संतोष सिंह, डा. जेपी वर्मा, अरविंद वर्मा, डा. नंदिनी तिवारी, डा. गीता त्रिपाठी, विजया सिंह, सोनिका गुप्ता, रंजना सिंह, रेनू कुशवाहा, श्वेता सिंह, मंजुलेश विश्वकर्मा, सविता मिश्रा, डा. प्रेम प्रकाश सिंह, डा. योगेंद्र सिंह, डा. बृजेश कुमार यादव, राम सिंह, गुलाब सिंह, रामबोध खरवार, अरविंद सिंह गौतम, चंद्रप्रताप सिंह, ओपी धारिया, दीपेंद्र सिंह, सुधा गुप्ता, अनूप केसरवानी, विपिन केसरवानी, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। दो दिवसीय आवासीय प्रतियोगिता का समापन 13 अक्टूबर को होगा। इस प्रतियोगिता में जिले की सभी सातों तहसीलों (मेजा, बारा, करछना, कोरांव, हंडिया, फूलपुर और सोरांव) समेत दो संभागों (उत्तर संभाग और दक्षिण संभाग) के करीब एक हजार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

डाक्टर लोहिया का सपना, ऊबड़-खाबड़ व्यवस्था को पाटना : नरेन्द्र सिंह

डा. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर सपा कार्यालय में हुई गोष्ठी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। महान समाजवादी नेता, स्वतंत्रता सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के लोगों ने सिविल लाइन्स स्थित उनकी मूर्ति पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद जार्जटाउन स्थित पार्टी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ लोहिया के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा हुई और उनके आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया गया। जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने डॉ लोहिया को समाजवाद का प्रखर नेता बताते हुए कहा कि समाज के शोषित, पीड़ित एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिये उन्होंने जो राजनैतिक पृष्ठभूमि तैयार की उसको आगे बढ़ाते हुए मुलायम सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी की सरकारों में पूरा करने का काम किया। एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि समाजवाद के पुरोधा डॉ लोहिया की प्रबल राजनैतिक इक्षाशक्ति का उदाहरण फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ चुनाव लड़ जाना था ।उनका मानना था कि यदि पत्थर की दीवार को तोड़ा नहीं जा सकता तो उसमें दरार तो पैदा ही की जा सकती है। पार्टी के प्रदेश सचिव नरेन्द्र सिंह ने डाक्टर लोहिया को नमन करते हुए कहा कि समाज की ऊबड़-खाबड़ व्यवस्था को पाटने के लिए तथा सबको समान अवसर दिलाने के लिए समाजवादी आंदोलन के प्रणेता तथा रचनाकार डाक्टर लोहिया के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत आज पहले से ज्यादा प्रासंगिक हैं। पूर्व सांसद धर्म राज सिंह पटेल, प्रदेश सचिव अमर नाथ सिंह मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव आदि नेताओं ने कहा कि डॉ लोहिया के नारे पिछड़े पावें, सौ में साठ के सपनों को पूरा करने के लिये जातीय जनगणना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कृष्ण मूर्ति सिंह यादव, महेन्द्र निषाद, हेमंत टुन्नू,आर. एन. यादव, इंजी. जगदीश यादव, राम सुमेर पाल, प्रभात यादव, अभय राज यादव, जीतलाल पासी, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, दूध नाथ पटेल, खिन्नी लाल पासी, राम अवध पाल, महेन्द्र सरोज, प्रेम शंकर, केशव विश्वकर्मा, सैयद मिन्हाजुद्दीन, कृष्ण राज यादव, इंजी विक्रम सिंह, कुलदीप यादव, रामसेन, अमित बगई, संदीप कटका, रंजीत सोनकर, दिलीप यादव, सीता सरन, प्रभाकर सिंह, जय सिंह आदि कई नेता रहे।

पुण्यतिथि पर याद किए गए डा. राममनोहर लोहिया

पसना। देश में गैर कांग्रेसी सरकार की अलख जगाने वाले समाजवादी पुरोधा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डा.राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि काआयोजन कोरांव में समाजवादी पार्टी के संयोजकत्व में किया गया। महान स्वतंत्रता सेनानी आजीवन वंचितों और शोषितों की आवाज रहे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर बोलते हुए कोरांव विधानसभा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष सोम दत्त सिंह पटेल ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र को उच्चआदर्श एवं मूल्य प्रदान कर देश निर्माण में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे सदैव याद किए जाएंगे। अधिवक्ता व सपा नेता यादवेंद्र यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि समाजवाद के कर्मयोगी डा.लोहिया ने गरीबों और वंचितो के हक की लड़ाई लड़ते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश पांडे, नौशाद अली, पुष्कर यादव एडवोकेट,पवन सोनकर, नगर अध्यक्ष महताब खान आदि लोग मौजूद रहे।

डॉ. लोहिया की मनाई गई पुण्यतिथि

करछना। सोशलिस्ट नेता एवं युगपुरुष पिछड़े वर्ग के नेता दलितों अल्पसंख्यकों व महिलाओं के मसीहा डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि के उपलक्ष में विधानसभा करछना के वीरपुर बाजार में विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू के अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने समाज के कमजोर दलित पिछड़ों के सामाजिक अस्तर को उठाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। कांग्रेस की अदूरदर्शी नीतियों का खुला विरोध किया, संसद के उच्च व निम्न दोनों सदनों का नेतृत्व किया। नेताजी मुलायम सिंह यादव ने उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर समाजवादी पार्टी की स्थापना किया था ,वक्ताओं ने उनके इस कथन को दोहराया कि" जिंदा कौमे पांच साल इंतजार नहीं करती" । वक्ताओं में प्रमुख रूप से जिला सचिव छोटेलाल शर्मा, महेंद्र सरोज, कमलेश पुष्कर, केशव विश्वकर्मा, डॉक्टर उमेश यादव, प्रदीप निषाद, राजेश यादव, डॉक्टर अफजल, बाबा यादव, जगमोहन मौर्य, विमल यादव, सुभाष पाल, छैल बिहारी पटेल, नंदलाल यादव, प्रमोद निषाद, सृष्टि पटेल, डॉ धर्मेंद्र यादव, राजेश विश्वकर्मा, राम बहादुर निषाद, वीरेंद्र शैलेश आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने रामलीला स्थलों निकलने वाली झांकियों के मार्गों का किया स्थलीय निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल गुरूवार को शहर के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर नवरात्रि के अवसर पर स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमाओं के स्थलों एवं विभिन्न तिथियों पर निकलने वाली झांकियों के मार्गों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए तथा रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से उनके सुझाव लेते हुए नवरात्रि पर्व को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं के सम्बंध में सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने पजावा रामलीला स्थल, पथरचट्टी रामलीला प्रांगण, कटरा रामलीला स्थल सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कर वहां के पदाधिकारियों के साथ झांकियों के निकलने वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुए उनके सुझाव लिए। जिलाधिकारी ने रामलीला प्रांगण एवं झांकियों के मार्गों पर लटकते हुए विद्युत तारों को ठीक कराये जाने, सड़कों की मरम्मत कराने, निष्प्रयोज्य हुए टेलीफोन के खम्भों को

हटाने, विद्युत पोलों पर 6 से 7 फीट की ऊंचाई तक प्लास्टिक से कवर करने, नालियों की सफाई तथा जहां पर सड़कों पर खुदाई की गयी है, उनकों तत्काल ठीक कराये जाने के साथ-साथ नगर निगम को साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने मनोरंजन विभाग को टीवी केबिल तारों को तत्काल व्यवस्थित कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी केबिल तार लटकते हुए न पाये जाये। जिलाधिकारी ने झांकियों के मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस की व्यवस्था, रूट प्लान, पेड़ों की छटाई सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवथायें तत्काल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा रामलीला कमेटियों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा महिला मोटर बाईक रैली अभियान-2023 कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रज्ञेश कुमार अटल, उप कमाण्डेंट ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल प्रयागराज ने बताया है कि 31 अक्टूबर, 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरा देश मनाने जा रहा है। इसी क्रम में भारत के नागरिकों के बीच राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा महिला मोटर बाईक अभियान-2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव की भावना के साथ बल के महिला कर्मियों की 03 मोटर बाईक दल राष्ट्रीय एकता के अभियान के रूप में श्रीनगर शिलॉग एवं कन्याकुमारी से 75 बाईक 15 राज्य, 02 संघ शासित प्रदेश से गुजरती हुई 10,000 कि०मी० की यात्रा तय करते हुए दिनांक 31 अक्टूबर, को एकता नगर (गुजरात) पहुंचेगी। 25 मोटर साईकिल साथ में 50 महिला मोटर बाईकर की टीम के साथ कुल 180 सदस्य शिलॉग (मेघालय) से दिनांक 05 अक्टूबर, 2023 से यात्रा आरंभ कर दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को एकता नगर (गुजरात) पहुंचेगी। यात्रा के क्रम में महिला मोटर बाईक टीम दिनांक 15/10/2023 को वाराणसी से चलकर शाम 17:00 बजे मेन्स क्लब ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, प्रयागराज में आगमन होगा। महिला मोटरकेड टीम की फ्लैग इन कार्यक्रम हेतु परिसर में भव्य स्वागत किया जायेगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 16/10/2023 को सुबह मोटरकेड टीम 08:00 बजे ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल से अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क के लिए रवाना होगी, जहाँ टीम का स्वागत तथा आगे की यात्रा के लिए फ्लैग ऑफ हेतु एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुबह 09:00 से 10:00 बजे तक ग्रुप केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला प्रशासन, प्रयागराज, रोटरी क्लब, प्रयागराज द्वारा संयुक्त रूप से एकता दिवस के रूप में बेटी बचाओं बेटी पढाओं जैसे अभियान की संकल्पना के साथ किया जायेगा।

न्यूज झरोखा...

डीटीडीसी का निरीक्षण करने निकले नगर आयुक्त

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग, द्वारा डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन के दृष्टिगत आई0ई0सी0 टीम के साथ निगम क्षेत्र के स्टैन्ली रोड पर मुल्ला हाता कालोनी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आई0ई0सी0 टीम द्वारा बताया गया कि मुल्ला का हाता कालोनी के सभी घरों से सेग्रीग्रेट कर कूडा लिया जाता है नगर आयुक्त द्वारा कालोनी के विभिन्न लोगों से जागरूकता अभियान में दी गयी जानकारी तथा सूखा-गीला कूडे. को अलग-अलग देने के सम्बन्ध में जानकरी ली गयी। इसके साथ ही नगर आयुक्त द्वारा आई0ई0सी0 टीम के प्रतिनिधी को अन्य क्षेत्रों मे भी गीला-सूखा कूडा एकत्र कर अलग-अलग लिये जाने के निर्देश दिये गये। अल्लापुर बाद्यम्बरी गद्दी क्षेत्र के नेह-निकुंज कालोनी के निवासी संजीव त्रिपाठी द्वारा भी सभी मोहल्ले वासियों से गीला कूडा एकत्र कर स्वयं ही बायोकम्पोस्ट तैयार कर अपने बाग-बगीचों में उसका उपयोग करते है और अपने बगीचों में पेड़-पौधों को काफी विकसित कर लिया है। संजीव त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि गीले कूडे से हम किस प्रकार बायोकम्पोस्ट (जैविक खाद्य) तैयार कर उपयोग में ला सकते हैं। इसी के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा आई0ई0सी0की टीम के कार्य को सराहा गया। इस दौरान जोनल अधिकारी अमर जीत यादव, सफाई एवं खाद्यनिरीक्षक रंजन श्रीवास्तव, जन प्रतिनिधी भोला तिवारी एवं आई0ई0सी0टीम के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया

नैनी। कनैनी सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में अग्रवाल सर्व शिक्षा एजुकेशनल ट्रस्ट प्रयागराज द्वारा 11 एवं 12 अक्टूबर को पुस्तक मेला का आयोजन किया गया क जिसमें लगभग 1000 पुस्तक जो ऑटो

बायोग्राफी, साहित्य, अंग्रेजी, ग्रामर ,निबंध, डिक्शनरी ,जीवनी, प्रेरणा, प्रेरक प्रसंग, विज्ञान, गणित एवं विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकों का प्रदर्शन विद्यालय के लगभग 1700 छात्र छात्राओं के सम्मुख किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने दो दिनों तक इस पुस्तक मेला में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का अवलोकन किया और अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकों को क्रय किया कइस पुस्तक मेला के आयोजन का उद्देश्य विलुप्त होती संस्कृति को पुनः जागृत करना , आज के समाज में पुस्तकों के प्रति बेरुखी को दूर करना , ऑनलाइन एवं मोबाइल की वजह से आज का युवा इससे दूर होता जा रहा है जिसके लिए इस प्रकार की आयोजन किए जाते हैं कविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने अग्रवाल ट्रस्ट को इस प्रकार के आयोजन करते रहने में अपना सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया कविद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों के साथ साथ अपनी रुचि के अनुसार इस पुस्तक मेले से पुस्तकों को क्रय किया कइस अवसर पर संजय कुमार मिश्र, विभूति नारायण सिंह, बनवारी लाल चौरसिया, वंदना श्रीवास्तव , आशा तिवारी, कृष्ण प्रकाश श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

तिगनौता में विश्व नेत्र दिवस मनाया गया।

आंखें ईश्वर की अनमोल धरोहर डॉ. रमेश चंद्रा

नैनी। नैनी स्थित तिगनौता ग्राम में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा विश्व नेत्र दिवस मनाया गया। जिसमें क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्रा ने आंखों की देखभाल और उसकी सुरक्षा के लिए वहां उपस्थित सभी लोगों जागरूक किया और

अपने उद्बोधन ने बताया कि रोज सुबह उठकर के मुंह में पानी भर के आंखों को शीतल जल से छींटे मारना चाहिए और मुंह धुलना चाहिए। तत्पश्चात आंखों को भलीभांति साफ कपड़े से साफ करना चाहिए। अपने पोषण में विटामिन ए , हरी सब्जियों का सलाद गाजर का भरपूर मात्रा में सेवन करना चाहिए। आज समाज में हमारे गलत खान पान और गलत रहन सहन से अंधापन फैल रहा है और समय से पहले आंखें कमजोर हो जा रही है और लोग चश्मा का उपयोग करने लगे हैं यहां तक की छोटे छोटे बच्चों को भी आंखों की समस्या होने लगी है इसका मुख्य कारण है उनके लीवर पर पड़ता हुआ दुष्प्रभाव। हमारा लीवर जितना स्वस्थ रहता है उतनी ही हमारे आंखें भी स्वस्थ रहती हैं। इस दिन की स्थापना लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा साइट फर्स्ट की स्थापना की गई और उसके बाद यह दिवस मनाया जाने लगा। आज इसका मुख्य उद्देश्य अंधापन को रोकना और नेत्रों की देखभाल करना क्योंकि आंखें ईश्वर की अनमोल धरोहर है आंखें हैं तो जहान है। मरणोपरांत अपनी आंखों का नेत्रदान करने के लिए लोगों को जागरुक भी किया गया।इस कार्यक्रम के आयोजन में चाका ब्लाक की सी एच ओ पूनम सिंह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सरिता पटेल का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर क्लब के सचिव इं संत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ सूर्यनाथ प्रजापति, इंजीनियर रवि भूषण गुप्ता, डॉ संतोष कुमार,सुधा गुप्ता, अल्पना वर्मा, बृजेश कुमार, डॉ सुमित पटेल सहित आंगनबाड़ी की आशाओं और ग्रामीण की तमाम महिलाएं व बच्चे सहित लगभग 50 लोग उपस्थित थे।

तकनीकी शिक्षा वर्तमान की बेहतर शिक्षा है

नैनी। नैनी अपेक्स औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न प्रकार ट्रेड का सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर परीक्षा पास कर चके 335 छात्र एवं छात्राओं को डिप्लोमा प्रदान किया गया। समारोह में बर्तार मुख्य अतिथि प्रयागराज के जिला कमान्डेन्ट होमगार्ड अमित पाण्डेय रहे। दीक्षांत समारोह की अआध्यक्षता बद्रीनाथ दीक्षित ने किया प्रधानाचार्य योगराज मिश्र ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और बताया कि अपेक्स औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्र जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में कोपा ट्रेड में सुजीत कुमार ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ जिले व संस्थान का नाम रोशन किया है। इसके साथ ही इंजीनियरिंग ट्रेड इलेक्ट्रीशियन में अंकुल यादव 93 प्रतिशत अंकों साथ पूरे संस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर ज्ञानेन्द्र सिंह 89 प्रतिशत अंको के साथ रहे। फिटर ट्रेड में शेखर दीक्षत 86 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि अमित पाण्डे ने समस्त छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा वर्तमान की बेहतर शिक्षा है। आज तकनीकी शिक्षा हर क्षेत्र में अपनाई जा रही है और रोजगार के बहुत सारे अवसर प्रदान कर रही है। प्रधानाचार्य योगराज मिश्र ने सभी पास आउट छात्रों को जल्द से जल्द अप्रंटिस व रोजगार दिलाने का भरोसा दिलाया। समारोह के अध्यक्ष ने कहा कि भविष्य में कुछ बनना है तो कठिन परिश्रम और संघर्ष करना आवश्यक है इसके बिना कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं होता है। कार्यक्रम में मंचन संचालन फोरमैन मनोज झां ने किया अनुदेशक अरविन्द पाण्डेय घनश्याम पाल, सुजीत कुमार, मानसी केशरवानी, राहुल दीक्षित, रमेश शुबल, दीलिप दूबे, रोजी खान और रषि यादव आदि उपस्थित रहे।

सड़क चौड़ीकरण को लेकर रेहडी पटरी संयोजक ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी रेहडी पटरी व्यापार प्रकोष्ठ की एक बैठक हनुमान नगर में संपन्न हुई जिसमें रेहडी पटरी के संयोजक घनश्याम जायसवाल व पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने कहा कि चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों ने सांसद प्रयागराज मेयर प्रयागराज विकास प्राधिकरण विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया लेकिन इसके बाद भी अधिकारी मनमानी तरीके से नाप जोख कर लोगों को अल्टीमेटम देकर तोड़ने का अल्टीमेटम दे दिए हैं। जिससे व्यापारियों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों ने व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक घनश्याम जायसवाल व पार्षद राकेश जायसवाल के अगुवाई में सीएम योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है। कि व्यापारियों के साथ अन्याय ना हो जो स्टेशन रोड पर 24 मीटर लिया गया है उसको 12 मीटर किया जाए। वही हनुमान नगर में जो 12 मीटर लिया जा रहा है उसको 6 मीटर लिया जाए। जिससे व्यापारियों को राहत मिल सके और व्यापारी अपना जीवन यापन कर सके। सीएम योगी जी को अवगत कराना है कि कुछ अधिकारी सरकार की छबि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। जो की मनमानी तरीके से नाप जोक कर रहे हैं। व्यापारियों ने

सरकार को यह भी अवगत कराया की जैसे की दुर्गा पूजा, विजयदशमी, रामलीला दशहरा दिवाली जैसे त्योहार है इसको देखते हुए सरकार को अवगत करना है की महत्वपूर्ण त्यौहार को देखते हुए यह तोड़फोड़ त्यौहार के बाद किया जिससे व्यापारियों को राहत मिलेगी । व्यापारियों में मुख्य रूप से पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ,व्यापार प्रकोष्ठ रेहड्डी पटरी संयोजक घनश्याम जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष नरसिंह,अशोक अग्रवाल भाजपा नेता,अनुप पासी पार्षद,धर्मराज पटेल,फुलचंद केसरवानी,चन्द्र बली जाटव,राजेश चौरसिया, प्रिंस अकबर, आदि लोग रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला स्तरीय जिला औद्यानिक मिशन समिति की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में संगम सभागार में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिला स्तरीय जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक संगम सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में वर्ष 2022-23 में कराये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए पुष्पक्षेत्र विस्तार कराये जाने के निर्देश दिए है। समीक्षा में केला टिश्यूकल्चर, पपीता क्षेत्र विस्तार, ड्रैगन फूट, स्ट्रोवरी करौदा, जैक फ्रूट, हाइब्रिड सब्जी कार्यक्रम, मसाला क्षेत्र विस्तार (रवि प्याज), पुष्प क्षेत्र विस्तार, जीर्वोद्वारा, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, ए0डी0पी0ई0 पैक हाउस, फंक्शनल पैंक हाउस, मौन पालन,

लो कास्ट प्रिजर्वेशन यूनिट एवं ह्यह्यपर ड्रापमोर क्रापह्लह्ल माइक्रो डूरीगेशन में ड्रिप सिंचाई, पोर्टवल स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिलंकर, मिनी स्प्रिंकलर, लार्ज वाल्यूम (रेनगम) एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं अनु0जाति/ जनजाति राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत कराये गये कार्यों एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी उमेश चन्द्र उत्तम, जिला कृषि अधिकारी सुभाष मौर्य सहित सभी सम्बंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।



हाईकोर्ट के 20 अधिकारी पदोन्नत इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जारी की पदोन्नति की सूची और आदेश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने अपने 20 अधिकारियों को प्रोन्नत किया है। महानिबंधक राजीव भारती की अधिसूचना के अनुसार पदोन्नत अधिकारियों में उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के सहायक निबंधक राम सेवक (लखनऊ), गोवर्धन, अजीत कुमार गोड, विवेक श्रीवास्तव (लखनऊ), वेद प्रकाश शर्मा, वीरेंद्र प्रताप, शरद कुमार खरे, सुधीर कुमार गुप्ता, समीर मित्र गुप्ता, मोहम्मद सलीम फारूकी, आलोक मजूमदार, रश्मि शर्मा, नीना गुप्ता, कौशलेन्द्र चतुवेर्दी (लखनऊ), संजय कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार वर्मा (लखनऊ), धर्मेंद्र वर्मा, पूनम बुद्ध घोष, मिठाई लाल पटेल और संजय श्रीवास्तव को उप निबंधक बनाया गया है। उच्च न्यायालय कर्म अधिकारी संघ के महासचिव बृजेश कुमार शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक निरंजन, संयुक्त सचिव विजयानंद द्विवेदी, सहायक सचिव गवेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष बृजेश यादव, खेल सचिव पंकज कुशवाहा, कार्यकारिणी सदस्य भूपेश गौतम, आकांक्षा पांडेय, वकार आलम, सिद्धांत साहू, आकांक्षा श्रीवास्तव, राजकुमार मिश्र, सचिन्द्र नाथ,आदिल शमीम, मिठाईलाल सोनकर, अशोक भास्कर और अखलेश कुमार ने पदोन्नत अधिकारियों को बधाई दी है।

अशरफ की फरारी में मददगारों पर शिकंजा, अग्रिम विवेचना शुरू

प्रयागराज। 2017 से 2020 तक फरारी काटने के दौरान खालिद अजीम उर्फ अशरफ की मदद करने वालों की एक बार फिर से पहचान होगी। इनपर शिकंजा कसने के लिए 2020 में धूमनगंज थाने में दर्ज मुकदमे की अग्रिम विवेचना के आदेश दिए गए हैं। मामले में अशरफ के साले सद्दाम समेत आठ के खिलाफ पहले ही चार्जशीट लग चुकी है और अब उनकी बारी है जो पर्दे के पीछे से रहकर माफिया के मददगार बने हुए थे।धूमनगंज में आठ जून 2020 को यह मामला दर्ज हुआ था। इसमें सद्दाम समेत आठ लोग नामजद किए गए थे। पुलिस का आरोप था कि एक लाख का इनामी अशरफ शिवाला मार्केट में अपने रिश्तेदार इमरान अहमद के घर आया था। दबिश देने पर वह पीछे के रास्ते से भाग निकला। इस दौरान उसके चार साले अब्दुल रहमान उर्फ कमर, अब्दुल वाहिद फैजी, अब्दुल वासित उर्फ फैसल, अब्दुल समद उर्फ सद्दाम और मो. साकिब, नूर मोहम्मद, रिजवान व इमरान अहमद पकड़े गए। पुलिस का दावा था कि पूछताछ में उन्होंने कबूला कि वह अशरफ को फरारी में मदद पहुंचा रहे थे। मामले की विवेचना के बाद जून 2020 में सभी के खिलाफ चार्जशीट लगा दी गई। पुलिस को गोपनीय जानकारी मिली कि फरारी के दौरान अशरफ की मदद करने वालों में सिर्फ उसके रिश्तेदार ही नहीं थे। कई अन्य भी थे जो उसकी आर्थिक व अन्य तरीकों से मदद कर रहे थे। ऐसे में अशरफ के ऐसे मददगारों की भी पहचान करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में अफसरों के आदेश पर धूमनगंज पुलिस ने मामले की अग्रिम विवेचना शुरू कर दी है।

गंदगी देख भड़के प्रभारी मंत्री अरविंद व अशोक चौधरी

अखंड भारत संदेश

प्रभारी मंत्री ने मेजा ब्लॉक व सीएचसी मेजा का किया निरीक्षण, व्यवस्था को सुधारने के दिए निर्देश

मेजा। सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल व अशोक प्रसाद चौधरी दर्जा प्राप्त मंत्री द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रयागराज जिले के मेजा ब्लाक में निरीक्षण करने पहुंचे।मेजा पहाड़ी पर स्थित गौशाला में पहुंचकर गायों को गुड खिलाया। कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने 30रूपए से बढ़ाकर 50 रुपया प्रति गाय को कर दिया जिससे कोई अव्यस्था न हो।मंत्री ने पास स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में जाकर बालिकाओं से मिले और उनका हाल चाल जाना। इससे पूर्व ब्लॉक के विभिन्न विभागों की कार्यों का निरीक्षण किया।पार्क में पहुंचकर प्रमुख द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र और बीडीओ सरिता सिंह तथा ब्लॉक के सभी कर्मचारी मौजूद रहे। उसके बाद 30 शैय्या वाले सामुदायिक स्वास्थ्य

केन्द्र मेजा पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में फैली गंदगी और डॉक्टरों की गैर मौजूदगी और बाहर से मरीजों को दवाएं लिखे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधीक्षक डॉक्टर ओमप्रकाश को कड़ी फटकार लगाते हुए अस्पताल को दलालों का अड्डा करार दिया है। इतना ही नहीं, उन्होंने सभी शिकायतों पर जरूरी कार्रवाई होने का भरोसा भी दिलाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्री ने माना कि यहां दलाली का काम हो रहा है। वहां कुछ ऐसे लोग मौजूद हैं जो यहां से मरीजों को बहला-फुसलाकर प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाने का काम करते हैं। वहीं, अस्पताल में बेड खाली पड़े रहते हैं। अस्पताल की हालत देखकर ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां मरीजों का इलाज कैसा होता होगा। उन्होंने डॉक्टरों द्वारा मरीजों को बाहर से दवाइयां लिखने पर भी सबको फटकार लगाई। वहीं डॉक्टर समीम अख्तर को देरी आने पर डाट पिलाई।डॉक्टर समीम ने सफाई में बताया की वह सीएमओ से मिलने के लिए उनके पास गए थे।सूत्रों द्वारा जानकारी के अनुसार उनके निजी सचिव सुधीर सिंह पटेल ने बताया कि अधीक्षक के साथ एक फर्जी पत्रकार ने सीएमओ से ओमप्रकाश को अधीक्षक बने रहने की सिफारिश की। इस मौके पर नायब तहसीलदार मेजा अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायत सदस्य अकेश पटेल मऊआईमा, राकेश पटेल, अमित पटेल, हेमंत के, जेई एम आई प्रदीप अवस्थी, सचिव राजेश त्रिपाठी, रविकान्त शुक्ल और राजीव कुमार मिश्र मौजूद रहे।

मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर पसरा सन्नाटा

कर्मचारियों एवं प्रधान प्रतिनिधियों पर तरह तरह की चचाएं शुरू

अखंड भारत संदेश

निष्पक्ष खबर लोगों के सुरखियो में छाया रहा

मांडा। विकास खण्ड मांडा मुख्यालय पर दो दिन लगातार बढ़ती विवाद से हर लोगों के नजर व जुबान पर में छाया रहा। गौरतलब हो कि मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर तकनीकी सहायक दिनेश कुमार पाण्डेय व केड़वर ग्राम पंचायत प्रधान निर्मला देवी के देवर करुणा शंकर तिवारी के बीच गाली गलौज, मार पीट में चले जूते चप्पल पर आक्रोशित प्रधान प्रतिनिधियों ने दूसरे दिन मांडा बीडीओ को

कमीशन खोरी का गम्भीर आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा। उधर ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों द्वारा फर्जी हस्ताक्षर व बिना कराए काम पर एमबी करने के लिए दबाव बनाए जाने से आक्रोशित ब्लॉक कर्मचारियों ने पांच सूत्रीय मांग करते हुए ज्ञापन सौपा। उक्त विवाद को लेकर तीसरे दिन मांडा ब्लॉक मुख्यालय पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं ब्लॉक पर स्थाई कर्मचारी अपने कार्य में जुटे रहे और क्षेत्रीय कर्मचारी क्षेत्र में बाकि अधिकारी,कर्मचारी जिले की बैठक में शामिल हुए। ब्लॉक मुख्यालय पर हुए विवाद की प्रकाशित निष्पक्ष खबर हर लोगों के नजर व जुबान के साथ सुराखियो में छाया रहा। और कथा कथित पर तरह तरह की चचाएं फैली है।

मऊआइमा में घरौनी बनाने के नाम पर प्रधानों और लेखपालों ने की मनमानी

मऊआइमा। प्रदेश सरकार ने आबादी की जमीनों पर भवन निर्माण कर वर्षो से निवास कर रहे गरीबों को उनके आवास का कागज के रूप में घरौनी देने का कार्य शुरू कर दिया है। आरोप है कि इस योजना के तहत प्रधानों, दलालों ,लेखपालों की खूब चांदी कट रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार ने आबादी की जमीन पर मकान बना कर निवास कर रहे गरीब, असहायों जिनके पास मकानों का कोई कागज नहीं है। सर्वे करा कर घरौनी योजना के तहत कागजात मुहय्या कराने की योजना चला रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि घरौनी के तहत कागज देने के लिए क्षेत्रीय प्रधानों के दलाल,लेखपाल आदि सक्रिय हो गए हैं। बताया जाता है कि गरीबों से घरौनी का कागज देने के लिए मोटी रकम ऐंठ रहे हैं। आरोप है कि गरीब बेचारा उधार ,कर्ज लेकर इनकी मांग की भरपाई कर रहा है ताकि हमें मकानों का कागज मिल जाए। इस रिश्वतखोरी के बाबत अधिकारियों से शिकायत करने के लिए जब गरीबों से कहा जाता है तो वह कहते हैं हमारा कौन सुनेगा। हालांकि विगत दिनों उप जिलाधिकारी सोरांव गणेश प्रसाद कनौंजिया ने सभी कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी थी कि यदि घरौनी के नाम पर धनादोहन की शिकातीपत्र मिले तो किसी को छोडा नहीं जाएगा। बहरहाल मऊआइमा विकास खंड क्षेत्र में घरौंनी के नाम पर निरंतर धनादोहन की चर्चा व्याप्त है।

शासकीय योजनाओं की ऋण पत्रावलियाँ बेवजह निरस्त होने पर होगी कार्यवाहीः डीएम

डीएम की अध्यक्षता में बैंकों जिला जिला स्तरीय पुनरीक्षण समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कल देर सायंकाल कलेक्टेज्ट सभागार में बैंकों की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की समीक्षा जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में जिन बैंको को खाते खोलने के जो भी लक्ष्य निर्धारित है उसको पूर्ण करें और ज्यादा से ज्यादा खाते खोले जाये।

किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के भौतिक लक्ष्य 61303 के सापेक्ष खरीफ की फसल के लिये कुल 42776 भौतिक आवेदन स्वीकृत हुये एवं कुल राशि रुपए 27691.00 लाख का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। घर-घर केसीसी अभियान के सम्बन्ध में बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु अभियान 01.10.2023 से 31.12.2013 तक चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जनपद के कुल 391080 लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड निर्गत किया जाना बाकी है, वंचित लाभार्थियों की बैंक शाखावार सूची सभी बैंक शाखाओं में पोर्टल पर उपलब्ध करायी गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पंचायत सचिव, लेखपाल एवं पचायती राज विभाग के कर्मचारियों का सहयोग लिया जाये, लाभार्थियों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाये। उप कृषि निदेशक ने बताया कि घर घर केसीसी अभियान के प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि 07 अक्टूबर तक 4305 पत्रावलियाँ विभिन्न बैंकों में प्रेषित की गई है जिसके सापेक्ष विभिन्न बैंकों द्वारा 3060 पत्रावलियों में ऋण स्वीकृत कर 2771 पत्रावलियों में ऋण वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत यदि लाभार्थी द्वारा प्रथम किस्त 10 हजार के ऋण की धनराशि यदि निर्धारित समय में जमा कर दी जाती है तो उसे द्वितीय किस्त के रूप में 20 हजार का ऋण उपलब्ध कराया जाये और यदि द्वितीय किस्त की धनराशि समय से जमा कर दी जाये तो तृतीय किस्त के रूप में उसे 50 हजार का ऋण उपलब्ध कराया जाये।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के जो भी आवेदन पत्र बैंक में प्रेषित किये गये है ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाये, लापरवाही न बरती जाये। जनपद के सीडी रेशियों की प्रगति बैंकों में ठीक नही पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्लान बनाकर कार्य करें और सीडी रेशियों की प्रगति में सुधार लाया जाये, जिले की समस्त योजनाओं में ऋण वितरण हेतु सक्रियता के साथ अपना योगदान दें, बैंकों में लोन हेतु जो आवेदन आये, हर बैंक एक रजिस्टर बनाये और उसमें अंकित करें। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में बैंक ऑफ बड़ौदा की प्रगति ठीक नही पायी गयी जिस पर निर्देशित किया गया कि प्रगति में सुधार लायें। अटल पेंशन योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि देश के समस्त जनपदों में ग्राम पंचायत स्तर पर दिनांक 01.10.2023 से 31.12.2023 तक जनसुरक्षा योजना अभियान की शुरूआत की गई है। अन्त में जिलाधिकारी ने बैंक प्रबन्धकों/बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं से सम्बन्धित जो भी ऋण पत्रावलियाँ लाभार्थियों की बैंकों में प्रेषित की जाये, बेवजह उन पत्रावलियों को निरस्त न किया जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित बैंकों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकों एवं एटीएम में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवा दिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा, एलडीएम गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिविर में आपरेशन के लिये जाते मरीज।

नेत्र शिविर में उमड़ी रोगियों की भारी भीड़

ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को ले जाया गया चित्रकूट

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जेठवारा बाजार में भदौरिया मार्केट में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट द्वारा लगाए गए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में क्षेत्र के नेत्र रोगियों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में आई चिकित्सको की टीम द्वारा मरीजो के परीक्षण के बाद 82 मरीजों को संस्था की बस से चित्रकूट ले जाया गया जहां से ऑपरेशन के बाद उन्हें घर तक वापस पहुचाया जाएगा।

बता दें कि बीते वर्षो से चित्रकूट के जानकी कुंड में स्थित सतगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा हर माह की 12 तारीख को समाजसेवी अनन्त सिंह तोमर व पूर्व सैनिक रमेश सिंह भदौरिया के सौजन्य से शिविर लगवाकर मरीजो का नेत्र परीक्षण कर उनका निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाता है। अब तक संस्था द्वारा सैकड़ो मरीजो का ऑपरेशन करवाया जा चुका है। गुरुवार को भी भदौरिया मार्किट जेठवारा में कैम्प लगवाया गया। जिसमे संस्था के चिकित्सक स्टाप द्वारा कुल 128 मरीजो का परीक्षण किया गया और ऑपरेशन के लिये 82 मरीजो को चिन्हित कर उन्हें ऑपरेशन के लिए संस्था की दो बसों से चित्रकूट ले जाया गया। जहाँ उन्हें निःशुल्क इलाज ऑपरेशन भोजन नास्ते के साथ इलाज के बाद मरीजो को घर तक पहुचाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अशोक मिश्र ने किया। इस दौरान चिकित्सक श्रीकांत पांडेय आलोक मिश्र विकास पांडेय मंजू व प्रदीप ने रोगियों का नेत्र परीक्षण किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रयागराज ने मिजार्पुर की टीम को हराया

क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी ने खिलाड़ियों से प्राप्त किया परिचय

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्रीड़ा विभाग एवं कबड्डी एसोसिएशन के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय सब जूनियर बालक वर्ग प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन उ.प्र.कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव राजेश कुमार सिंह, जोनल इंचार्ज मो.अकरम, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विमला सिंह व शिक्षक नेता त्रिलोचन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया।प्रयागराज ने मिजार्पुर की टीम 25-18 के अंतर से शिकस्त दी। आजमगढ़ और बस्ती का मैच 27-27 अंक के साथ टाई रहा। दिलचस्प मुकाबले में सैफई हॉस्टल ने सहारनपुर को 27-26 के अंतर से पराजित किया। वाराणसी ने मेरठ को 53-36, बस्ती ने झांसी को 22-19, वाराणसी ने लखनऊ को 49-11 अमेठी हास्टल ने अयोध्या को 35-31, आगरा ने मुरादाबाद को 36-29 मेरठ ने झांसी को 36-12, अलीगढ़ ने बरेली को 42-28, मेरठ ने आजमगढ़ को 31-17, सैफई हास्टल ने बरेली को 19-05, अलीगढ़ ने सहारनपुर 56-53 के अंतर से पराजित किया। अवनीश राय, मनोज सिंह, पीके पांडेय,दसरथ पाल, शशि सिंह, वीरेंद्र पाल, कन्हैया लाल, हुबलाल, कमलेश, निर्णायक रहे जबकि मो.आसिफ, शिखा सिंह,प्रशांत सिंह,मीतू सिंह,गोपी यादव, विनीत ने स्कोरिंग किया। क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज एवं जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव डा. धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन आदित्य शुक्ल ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, कर्मराज सिंह मंजीत, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, रामेंद्र प्रताप सिंह, लालजी त्रिपाठी, जेपी यादव, सचिन शुक्ल, स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, विद्या सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

सफाई, शुद्ध पेयजल पर लखनऊ से आए अधिकारियों ने सभासदों को दिये टिप्स

सिद्धार्थ होटल में हुई कार्यशाला का एडीएम ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज पालिसी एण्ड यूज्ड वाटर प्रबंधन पर क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र लखनऊ द्वारा नगर के सिद्धार्थ होटल में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ एडीएम वित्त एवं राजस्व त्रिभुवन नाथ विश्वकर्मा ने कहा कि लखनऊ से आए विशेषज्ञों से सभासदों को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला है।इस अवसर पर लखनऊ से आईं डा0 उर्वशी एवं डा0 अंजली मिश्रा ने नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्षों व सभासदों को बताया कि खुले में शौच न करने, शुद्ध पेयजल प्रयोग करने, सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न करने व घर-घर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था को मजबूत बनाने के अनेक सुझाव दिये।

कार्यशाला में जानकारी देतीं डा0 उर्वशी व डा0 अंजली।

इसके अलावा शहर के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के बारे में बताया गया कि गंदे पानी को शुद्ध करने के लिये यह प्लांट लगाया गया है। इस मौके पर नगर पालिका के ईओ राम अचल कुरील, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, नगर पंचायत अंतू के चेयरमैन संदीप कुमार सोनी, नगर पंचायत ढखवा के चेयरमैन अशोक त्यागी के अलावा नगर पालिका के सभासदों में दीपक उमरवैश्य, मुफीज, अमृत लाल सहित अनेक सभासद मौजूद रहे।

वादी की फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत का कर दिया निस्तारण, डीएम से शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के कटैया नेवादा निवासी पवन कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर राजस्वकर्मी पर आवेदक की फर्जी हस्ताक्षर बनाकर आईजीआरएस की शिकायत के निस्तारण करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार उसने ग्राम समाज की जमीन को लेकर आईजीआरएस पर शिकायत की थी। आरोप है कि लालगंज तहसील में तैनात राजस्वकर्मियों ने शिकायत की जांच का फर्जी तरीके से निस्तारण कर दिया। निस्तारण के बाद पुष्टि फर्जी हस्ताक्षर बनाकर आख्या भी अपलोड कर दी। जबकि अधिकारियों ने न तो प्रार्थी से शिकायत के बाबत कोई बात की और न ही किसी प्रकार के हस्ताक्षर बनवायी।

कांटे की लड़ाई में रोहित शुक्ला अध्यक्ष व संतोष कुमार सिंह बने जूबाए के महामंत्री

फूल-मालाओं से लादकर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन का आज चुनाव परिणाम दो दिन की मतगणना के बाद गुरुवार की शाम आया तो कांटे की लड़ाई में अध्यक्ष व महामंत्री के पद पर रोहित शुक्ला व संतोष कुमार सिंह निर्वाचित घोषित हुए।

रोहित शुक्ला को 531 मत और उनके निकटतम प्रतिद्वन्दी भानु प्रताप सिंह को 519 वोट मिले हैं। इस तरह 12 मतों से प्रतिद्वन्दी को पिछाड़कर रोहित शुक्ला अध्यक्ष निर्वाचित हो गये। अध्यक्ष पद पर करुणा शंकर को 459 मत मिले हैं। महामंत्री पद पर संतोष कुमार सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी विवेक त्रिपाठी को 30 मतों से हराकर महामंत्री पद हासिल किया। संतोष कुमार को 614 मत व विवेक त्रिपाठी को 584 मत मिले थे। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रवीन्द्र कुमार रावत और उपाध्यक्ष राम अवध मिश्र व शक्ति सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द व श्रीकृष्ण, संयुक्त मंत्री विक्रम सिंह व दीपू मिश्रा व कोषाध्यक्ष सम्पूर्णानंद चुने गये। बता दें कि जूनियर बार एसोसिएशन का चुनाव के बाद बुधवार को सुबह मतगणना शुरू हुई थी, तभी से अध्यक्ष पद पर रोहित शुक्ला मामूली बढ़त बनाए हुए थे। बुधवार को नौ राउण्ड की मतगणना हुई थी। आज बचे मतों की मतगणना हुई। मतगणना के लिये 14 टेबल लगाई गई थी। एल्टर कमेटी के सदस्यों देव नारायण शुक्ल की अध्यक्षता में यह चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। इसके चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह जरियारी थे। मतगणना में अंत तक प्रतिद्वन्दियों में आपस में ऊहापोह बनी रही। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही अध्यक्ष, महामंत्री को अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया और ढोल-ताशों की धुन पर जश्न मनाते हुए नारे लगाये। कम मतों से हारने वाले भानु प्रताप सिंह को उनके समर्थकों ने उन्हें सांत्वना दी कि उन्होंने जबरदस्त टक्कर दी। बता दें कि रोहित शुक्ला पहले भी जूबाए के अध्यक्ष रह चुके हैं। वह व्यवहार कुशल नेता हैं इसलिये उन्हें इस बार भी अंतर्विरोधों के बावजूद उन्हें जीत मिली। उनकी जीत पर समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।

फूल मालाओं से नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत करते अधिवक्तागण

विवाहिता की मौत के मामले मे पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा

परियावां, प्रतापगढ़। जनपद के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भददू डीह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि मृतिका के पिता श्याममूर्ति पांडेय निवासी पूरे शीतल पाड़े का पुरवा बरियावां थाना नवाबगंज ने 11 अक्टूबर 23 को संग्रामगढ़ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जिसमे आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री आयुषी की शादी वर्ष 2018 मे संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के भददू डीह निवासी अंकित पांडेय पुत्र भरतलाल पांडेय के साथ हुई थी। आरोप है कि मेरी पुत्री की ससुराजीनों द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। इस दौरान आयुषी 8 अक्टूबर 2023 को संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के सहारे दुपट्टे में मृत अवस्था में लटक रही थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए संग्रामगढ़ थाना प्रभारी इंद्रदेव ने मृतिका के पिता श्याममूर्ति पांडेय की तहरीर पर ससुरालीजनों ने मुकदमा दर्ज किया है।

प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्तः डा0 वीरेंद्र

लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कुंडा में किया गया स्वागत

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सर्वत्र अराजकता का माहौल देवरिया, कौशांबी व कानपुर देहात में हुई हत्याएं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रदेश में कोई भी व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

उक्त बातें लखनऊ से बनारस जाते समय कुंडा पहुंचे लोकजन सोशलिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. वीरेंद्र विश्वकर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार दलितों व पिछड़े वर्ग के साथ भेदभाव कर रही है। इसका खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव में सरकार को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि देवरिया में हत्यारोपितों के घर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। जब कि कानपुर देहात जिले के शाहजहांपुर निनाया में विश्वकर्मा समाज के दो सगे भाईयों की हत्या में शामिल दो आरोपित अभी तक फरार है उनके यहां बुल्डोजर की कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि सरकार दलितों व पिछड़े वर्ग के साथ भेदभाव कर रही है। डा. वीरेंद्र ने कहा कि उन्होंने अपने पार्टी पदाधिकारियों के साथ कानपुर देहात के शाहजहांपुर निनाया गांव पहुंचकर मृतक के परिवार से मुलाकात किया मृतक परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है लेकिन इसके बाद भी सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक सहायता नहीं दी गई। यही नहीं सरकार का कोई भी प्रतिनिधि मृतक के घर शोक जताने के लिए नहीं पहुंचा उन्होंने पीड़ित परिवार को पांच करोड़ रूपए की आर्थिक सहायता मृतक के बेटों को नौकरी आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने व मृतक के परिवार की सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस व सुरक्षाकर्मी दिलाए जाने की मांग की । इस दौरान युवा नेता स्वास्तिक विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, सौरभ विश्वकर्मा, प्रेम विश्वकर्मा आदि ने उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश कुमार, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सभाजीत, पार्टी संस्थापक राजकुमार, राम आसरे पटेल, रग्घु विश्वकर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरी शंकर, रवि शंकर पटेल, रोहित चैहान, सुनील चैहान आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

उपवास पर बैठे कांग्रेसी, काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सूचना का अधिकार विभाग कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम धरना सूचना का अधिकार दिवस पर अंबेडकर चैराहे पर सूचना का अधिकार विभाग जिला अध्यक्ष शिवम मिश्रा के अध्यक्षता में हुआ। जिसका संचालन कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी ने किया कार्यक्रम में कार्यकताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध दिवस भी मनाया। कार्यक्रम के बाद सूचना का अधिकार विभाग के जिला अध्यक्ष शिवम मिश्रा ने कहा सरकार जन सूचना का अधिकार खत्म करने की साजिश रच रही है, उन्होंने कहा आज आम आदमी को सूचना मांगने पर परेशान किया जाता है। सरकारी विभाग इस पर ध्यान न देकर सूचना देने में लापरवाही करते हैं। सेवा दल जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने सरकार पर जन सूचना का अधिकार से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा देश की सरकार तानाशाही पर उतारू है कार्यक्रम में कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी मोहम्मद इश्तियाक राम रतन तिवारी सुधीर तिवारी फतेह बहादुर सिंह शाहिना आलम पाशुपत उपाध्याय राम शिरोमणि वर्मा, कृष्णकांत शुक्ला, इजहार सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे वेदांत तिवारी कोषाध्यक्ष कार्यालय प्रभारी जिला

काली पट्टी बांधकर उपवास पर बैठे कांग्रेसी।

सपाईयों ने मनाई डा0 राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि

श्रद्धांजलि देकर की गई गोष्ठी का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रखर समाजवादी नेता डॉ.राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय एवं संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे। वह समाजवादी भी इस अर्थ में थे कि, समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वह अपने कार्यक्षेत्र को जनमंगल की अनुभूतियों से महकाना चाहते थे। वह चाहते थे कि व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेद-भाव न रहे। सभी लोग समान हो। उन्होंने हमेशा विश्व-नागरिकता का सपना देखा था। वह मानव-मात्र को किसी देश का नहीं बल्कि विश्व का नागरिक मानते थे। जनता को वह जनतंत्र का निर्णायक मानते थे। डॉ. लोहिया अक्सर यह कहा करते थे कि उन पर केवल ढाई आदमियों का प्रभाव रहा, एक मार्क्स का, दूसरे गांधी का और आधा जवाहर लाल नेहरू का। देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें से एक डा.राममनोहर लोहिया भी थे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भईयाराम पटेल, जिला उपाध्यक्ष वासिक खान, अनिल यादव, प्यारेलाल खैरा, गुलफाम खान, अश्वनी सोनी, अब्दुल हई, सफात अहमद, सुनील यादव, हरीश शुक्ला, असलम खान, आरके मौर्या, विजय शुक्ला, विशाल मौर्य, निसार अहमद, राजकुमार विश्वकर्मा, आजाद सिद्दीकी, विकास यादव, फिरोज अहमद, डॉ.एजाज, शैलेस यादव, मोहम्मद रईस, लड्डुन भाई, पारसनाथ यादव, अब्दुल खालिक, दयाशंकर सरोज, कल्लू मिस्त्री, इस्लाम अंसारी, विजय यादव, मीडिया प्रभारी वकार अहमद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

डा0 लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण करते सपा पदाधिकारी।

निमंत्रण के बहाने बाइक लेकर फरार हुआ पड़ोसी, दी गई तहरीर

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू निवासी छोटे लाल पाल पुत्र सूर्यदीन पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी बहू के भाई सतीश पाल के नाम पंजीकृत बाइक लेकर पड़ोसी ललित पाल पुत्र भोलेनाथ बीती नौ अक्टूबर को एक निमंत्रण में शामिल होने गया था। निमंत्रण जाने के बहाने बाइक लेकर निकला आरोपी तीन दिन बाद भी वापस नही लौटा। आरोप है कि पड़ोसी युवक बाइक लेकर भाग निकला। लालगंज कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रधान व सचिव ने फजीर्वाड़ा कर हड़प लिये सवा लाख रुपए, डीएम से की गई शिकायत

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक अन्तर्गत रामपुर बावली ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प मरम्मत के नाम पर सवा लाख रुपए हडपने का मामला सामने आया है। शुकुलपुर निवासी श्यामशंकर मिश्रा ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प के मरम्मत के नाम पर प्रधान सविता जायसवाल व सचिव पुष्पेन्द्र शुक्ल ने फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर सवा लाख रुपए निकाले और पैसों का बंदरबांट कर लिया। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मामूली बात को लेकर हुई मारपीट के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के भदारी कला निवासी प्रहलाद वर्मा की पत्नी करमवती ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती दस अक्टूबर को शाम तीन बजे गांव के धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र अशोक वर्मा ने उसकी पुत्री सोनी व प्रीती के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। शिकायत पर आरोपी धर्मेन्द्र वर्मा के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया है कि शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

कौशांबी जिले में ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का डीएम ने किया शुभारंभ

जनपद कौशांबी में पहली बार तीन राज्यों के 79 जिलों से बैडमिंटन के खेल का आयोजन का आगाज 12 अक्टूबर को हुआ

अखंड भारत संदेश

भरवारी कौशाम्बी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित ईस्ट जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश, बिहार एवं झारखंड की प्रतिभागियों ने कौशांबी प्रेसीडेंसी स्कूल एंड कॉलेज कैंपस भरवारी में रजिस्ट्रेशन करवाया रंगारंग कार्यक्रम के साथ इस भव्य आयोजन का आगाज हुआ जनपद कौशांबी में पहली बार तीन राज्यों के 79 जिलों से बैडमिंटन के खेल का आयोजन का आगाज 12 अक्टूबर को हुआ तथा जिसका समापन 14 अक्टूबर को होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा केपीएस कैंपस में नवनिर्मित रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कंपलेक्स में इस महान आयोजन का शुभारंभ हुआ इस खेल महाकुंभ का शुभारंभ गुरुवार को जनपद के जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव एवं प्रोफेसर दिलीप कुमार दुरिया (शारीरिक शिक्षा विभाग बनारस हिंदू विश्वविद्यालय)पूर्व कुलपति लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन ग्वालियर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण करके उनकी वंदना के साथ प्रारंभ हुई कार्यक्रम के दौरान मार्च पास्ट की सलामी एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ अंडर 17 बॉयज में फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर और इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें 2-0 से फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल शाहजहांपुर विजई रहा वहीं माउंट लिटर जी सेकेंडरी साइंस सिटी इटावा और आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट इलाहाबाद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें माउंट लिटर ज़ी आर्मी पब्लिक स्कूल न्यू कैंट को 2-0 से हरा कर विजई हुआ ,सेंट एमआर जयपुरिया स्कूल सिविल लाइंस वाराणसी और एमजीएम केपीएस स्कूल भीटी के बीच के मुकाबला हुआ जिसमें केपीएस भीटी को 2-0 से हरा कर जयपुरिया विजई हुआ ,पतंजलि ऋषि कुल तेलियरगंज प्रयागराज को वॉक ओवर मिला ,गंगा गुरुकुल फाफामऊ और डैफोडिल पब्लिक स्कूल लोहिया तलाब मिजापुर के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गंगा गुरुकुलम ने प्राप्त किया, सेंट जेवियर स्कूल गोपालपुर सदर और डीएवी पब्लिक स्कूल गोपालगंज के बीच मुकाबला हुआ जिसमें डे वी ए पब्लिक स्कूल ने सेंट जेवियर स्कूल को 1-2 से हरा कर विजई रहा , जेबी अकेडमी विष्णु पुरी अयोध्या और डीपीएस सिविल लाइंस अलीगढ़ के बीच मुकाबला हुआ जिसमें डीपीएस सिविल लाइन ने 2-0 से विजय हुआ आज दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को 4:00 बजे तक अंडर 17 का बैडमिंटन चैंपियनशिप चल रहा है इस टूर्नामेंट के कोच ने जानकारी दिया कि शाम 5:00 बजे के बाद अंडर-19 का मैच प्रारंभ होने के चांसेस है जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के खेलों का आयोजन कौशांबी जिले के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा जिसमें कौशांबी जिले के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन अन्यत्र भी कर सकेंगे वही पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने विद्यालय के बच्चों के प्रदर्शन को देखकर के उन सभी की मुक्त कंठ से प्रशंसा किया और विद्यालय प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया कि इस प्रकार के चैंपियनशिप का आयोजन कौशांबी के युवाओं के लिए एक नए दशा और दिशा को निर्धारित करेगा वहीं प्रोफेसर दिलीप कुमार ने अपने संदेश में कहा कि जीवन में सफल होने के लिए आपको शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत होना चाहिए उचित स्वास्थ्य शरीर और दृढ़ बाल दृढ़ मनोबल बनाए रखने के लिए खेल आवश्यक है कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल के अध्यक्ष और उनकी टीम को इस प्रकार के आयोजन को करने के लिए बधाई देता हूं।

विद्यालय के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि यह जनपद का सौभाग्य है कि प्रथम बार सीबीएसई द्वारा चैंपियनशिप को कौशांबी में आयोजित किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा सहित उनकी विद्यालय प्रबंधन समिति, भरवारी के पूर्व अध्यक्ष गंगा प्रसाद वीरेंद्र केशरी, पार्षद सूरज यादव, पार्षद शंकर लाल केशरवानी, रमेश अग्रहरी, अशोक केशरवानी, प्रमोद पांडे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

जिले में चल रही चंगाई सभाओं में विदेशी ताकतों की संलिप्तता : अवधेश नारायण शुक्ला

अखंड भारत संदेश

जिले में चल रही चंगाई सभाओं के खिलाफ उतरा हिन्दू जागरण मंच सौंपा ज्ञापन, प्रशासन से कार्यवाही की मांग नहीं तो सड़क पर उतर कर होगा आन्दोलन

कौशाम्बी। जिले में एक अंतरराष्ट्रीय साजिश से जिले में हिंदुओं को बरगला कर धन का लालच देखकर राजनीतिक रूप से फायदा नुकसान की सोच रखते हुए जिले में विभिन्न गांव में भारी मात्रा में लोगों को ईसाई धर्म स्वीकार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें कौशांबी जिले के साथ-साथ दूसरे जिले व अन्य प्रदेशों से लोग जिले में धर्मांतरण को बढ़ावा दे रहे हैं। यही नहीं इन चंगाई सभाओं में दूसरे देशों से भी लोगों की आने की और शामिल होने की जानकारी मिलती रही है। लेकिन अभी तक इन सभी मामलों को एक मानते हुए इस साजिश के खिलाफ कार्रवाई की शुरूआत नहीं की गई है। जिससे यह छोटे-छोटे समूह में प्रत्येक गांव तक पहुंच कर धर्मांतरण करा रहे हैं। यही नहीं यह लोग इस तरीके से भारतीयों को बताकर अलगाववाद के लिए विभिन्न समाज के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इनके खिलाफ प्रशासन को कार्यवाही सुनिश्चित करना चाहिए। उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न गांव में चंगाई सभाएं चलाई जा रही हैं जिनमें लोगों को धर्मांतरण कराने के लिए पैसे का लालच देकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यहीं नहीं इन सभाओं में लोगों को भूत प्रेत बाधा काला जादू को ठीक करने की बात कह कर लोगों में अंधविश्वास को बढ़ाने का काम किया जाता है।इन सभाओं को संचालित करने के लिए भारी मात्रा में पैसों को खर्च किया जाता है, लेकिन यह पैसे कहां से आते हैं और इनको कैसे खर्च किया जाता है। इसका कहीं लेखा-जोखा नहीं होता है। लेकिन जिले में अभी तक जिले में एक दर्जन से अधिक मुकदमे होने के बाद भी समग्र रूप से कार्रवाई नहीं किया गया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि चंगाई सभाओं को करने वाले पास्टरों के पास करोड़ों रुपए की अकूत संपत्ति अचानक आ गई है। जो कि अवैध रूप से अर्जित की गई है लेकिन उनके खिलाफ अभी तक प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की न तो जांच कराई गई और ना ही कार्रवाई की गई। जिससे यह अवैध कारोबार जिले में बड़ी मात्रा में फल फूल रहा है। जबकी जिला प्रशासन को पूर्व में इन पेस्टरों ने अपने पास्टर होने की घोषणा करते हुए ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा शिकायत के बाद भी इस बात की जांच नहीं कराई गई कि यह लोग जो खुद को पास्टर कहते हैं। इन्होंने कब धर्मांतरण किया था इनको धर्मांतरण किन लोगों ने और किस चर्च में कराया था। यहीं नहीं जिले में पिछले कई महीनो से बंद हुई यह अवैध धर्मांतरण व चंगाई सभाओं प्रशासनिक सक्रियता के बाद रोका गया था। इस समय जिले में पूरे चरम पर यह सभाओं का संचालन किया जाता है इस मामले में प्रशासन को सक्रियता दिखाने चाहिए इस तरह के अधार्मिक कामों से आम लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। लेकिन अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा इसको जितनी सक्रियता दिखानी चाहिए वह कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके साथ उन्होंने जिले में धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में लाउडस्पीकर लगाकर अजान करने के मामले पर आवाज उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश जारी किया गया था कि धार्मिक स्थान से तेज आवाज में नहीं पुकारा जाएगा। लेकिन जिले की विभिन्न मस्जिदों से सुबह-शाम तेज आवाज में अजान लगातार जारी है। इस विषय में प्रदेश सरकार के द्वारा भी समय-समय पर जारी किए गए गाइड लाइन का भी जिले में अनुपालन नहीं हो रहा है। इन तेज आवाज में मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकरों का उतरा जाना नितांत आवश्यक है। इस मौके पर उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नहीं तो हिंदू जागरण मंच हजारों की संख्या में अपने कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरकर अनिश्चितकालीन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिखर मिश्रा, आनंद सिंह, रजत पाण्डेय, प्रकाश दुबे, यशवंत सिंह, कामता यादव, कृष्ण दत्त ओझा, शिवम् पाण्डेय, रामराज, बाल्मिकी, सनी कुशवाहा, आदेश पटेल, पुष्पेंद्र पांडे, पंकज कुमार, श्रवण पटेल, ज्ञानचंद, अभय शुक्ला, अनुज कुमार, कृष्णा पांडे, कुंवर बहादुर, राजकरण साहू, हर्षित मिश्रा शिव प्रताप, राम यज्ञ, मुकेश कुमार, हनुमान प्रसाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

प्राथमिकता पर निस्तारित कराएं उद्यमियों की समस्याएं : सीडीओ

अखंड भारत संदेश

मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 967 प्रकरण प्राप्त हुए है, जिसमें से 16 प्रकरण विभिन्न विभागों के स्तर पर लम्बित है। श्रम विभाग के 01, खाद्य एवं औषधि विभाग के-08 एवं कृषि विभाग के-07 सम्मिलित हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत 58 लक्ष्य के सापेक्ष 56, एम0वाई0एस0वाई0 योजना के तहत 67 लक्ष्य के सापेक्ष 37 तथा ओडी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत 21 लक्ष्य के सापेक्ष 20 आवेदन बैंको द्वारा स्वीकृत हो चुके हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रिम आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त उद्योग ने प्राइवेट क्षेत्र में औद्योगिक आस्थान के निर्माण के सम्बन्ध में बताया कि निजी प्र्वतक द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक भूमि का औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने का प्राविधान शासन द्वारा किया गया है। भूमि तक 12 मीटर चौड़ी सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए उद्यमियों को जमीन की खरीद पर 100 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क छूट देय है तथा प्रति एकड़ 50 लाख रुपए एक प्रतिशत साधारण ब्याज की दर पर तीन वर्ष के लिये दिया जायेंगा। भुगतान न होने की दशा में चौथे वर्ष से 6 वर्ष तक 6 प्रतिशत साधारण ब्याज का देय धनराशि पर आंकलन किया जायेंगा तथा 6 वर्ष के पश्चात भी भुगतान न होने की दशा में ऋण की धनराशि पर 07 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज का आंकलन देय धनराशि पर किया जायेंगा। विकसित होने के उपरान्त निजी प्र्वतक द्वारा इस पर अपने औद्योगिक इकाई स्थापित कर सकतें हैं या भूखण्डों में विभाजित कर अन्य को औद्योगिक स्थापना के लिए दें सकतें हैं, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उद्यमियों/व्यापारियों से कहा कि इस योजना का लाभ उठायें। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि भारत सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना का उद्देश्य-परम्परागत हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों को विश्वकर्मा के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाते हुए उनकी कौशल वृद्धि, उन्नति टूल किट्स कोलेट्रल फ्री लोन, डिजिटल भुगतान एवं ब्राण्डिंग सपोर्ट करना है। योजना के तहत 1200 लक्ष्य के सापेक्ष पोर्टल पर कुल 3538 आवेदन प्राप्त हुए है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रिम कार्यवाही कर आवेदकों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें है।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने तहसील सिराथू के अन्तर्गत ग्राम-सुल्तानपुर ख्वाजा कड़क में अवस्थित भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि यूपीएसआईसी, प्रयागराज से फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्राप्त किया जाना है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दियें इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा रमेश अग्रहरि सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक

कौशाम्बी। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में जनपद स्तरीय व्यापार बन्धु समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दियें बैठक में देवीगंज व्यापार मण्डल द्वारा पावर हाउस रोड पर नाली के पानी की निकासी एवं साफ-सफाई कराये जाने के अनुरोध पर मुख्य विकास अधिकारी ने ई0ओ0 दारानगर को पानी की निकासी एवं साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। सिराथू में रामलीला मैदान की निर्माणधीन चहारदीवारी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के प्रकरण पर अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 ने बताया कि भूमि विवाद की समस्या आ रहीं है, जिसके कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिलाधिकारी से सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। बैठक में जिला व्यापार मण्डल द्वारा मण्डी परिसर की बाउण्ड्रीवाल को ठीक कराये जाने की मांग पर मुख्य विकास अधिकारी ने सचिव मण्डी को बाउण्ड्रीवॉल बनाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें।मुख्य विकास अधिकारी ने ई0ओ0 सिराथू को सिराथू बाजार में मंझनपुर रोड पर सरकारी गेस्ट हाउस के बाहर बनकर तैयार शेष 04 दुकानों को भी नियमानुसार शीघ्र ही आवंटित कराने के निर्देश दियें। बैठक में व्यापारियों द्वारा बताया गया कि ई0ओ0 द्वारा उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी के साथ व्यापारियों की बैठक प्रत्येक माह नहीं करायी जा रहीं है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए प्रत्येक माह बैठक कराकर स्थानीय समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम एवं उपायुक्त वाणिज्यकर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा रमेश अग्रहरि सहित अन्य उद्यमी उपस्थित रहे।

चरवा थाना क्षेत्र में बेखौफ तरीके से बिक रहा है गांजा !

अखंड भारत संदेश

इलाके में बेखौफ तरीके से संगठित अपराध के फलने फूलने से पुलिस वर्दी को कलंकित करने में चरवा कोतवाल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं

कौशांबी। पुलिस महानिदेशक से लेकर अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस महा निरीक्षक और पुलिस अधीक्षक लगातार संगठित अपराधों पर रोक लगाए जाने का निर्देश थानेदारों को दे रहे लेकिन कौशांबी के थानेदारों पर पुलिस अफसर के आदेशों का कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है थानेदार बेलगाम है और मनमानी तरीके से संगठित अपराध के धंधे को बढ़ाने में लगे है चरवा थाना क्षेत्र के चरवा चौराहे से लेकर बेरूवा चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर खुलेआम माफियाओं द्वारा गाँजा की बिक्री की जा रही है गांजा माफियाओं के बढ़ते हौसले का हाल यह है कि संगठित अपराध के धंधे को लाइसेंसी दुकानों की तरह दुकान सजाकर बेखौफ होकर गाँजा की बिक्री की जा रही है चरवा थानेदार गांजा विक्रेता पर मेहरबान है आखिर गांजा बिक्रेताओं से चरवा थानेदार के क्या रिश्ते हैं यह जांच का विषय है लेकिन अभी तक क्षेत्राधिकारी चायल ने भी चरवा थानेदार के गाँजा बिक्रेताओं से संबंधों की जाँच कर इन्हें दंडित करने की सिफारिश पुलिस अधिकारियों से नहीं किया है इलाके में बेखौफ तरीके से संगठित अपराध के फलने फूलने से पुलिस वर्दी को कलंकित करने में चरवा कोतवाल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं पुलिस अधिकारियों के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर माफियाओं से साठगांठ कर संगठित अपराध को ना रोक पाने वाले चारवा कोतवाल विनोद कुमार सिंह के कारनामे की ओर इलाके के लोगों ने पुलिस महानिदेशक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चरवा कोतवाल को निलंबित कर इनके कारनामों की विभागीय जांच शुरू कराए जाने की मांग की है।

प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर सामान उठा ले गए चोर

कौशांबी। सिराथू तहसील क्षेत्र के टीकर डीह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात ताला तोड़कर चोर भीतर घुसे और विद्यालय की किचन का ताला तोड़कर गेहूं चावल दाल अनाज वा अन्य सामग्री के साथ गैस सिलेंडर भी चोर उठा ले गए हैं विद्यालय के ऑफिस का ताला तोड़कर साउंड सिस्टम चोर उठा ले गए हैं अलमारी तोड़कर चोरों ने अभिलेख से छेड़खानी की है बताया जाता है कि आलमारी के अभिलेख अस्त व्यस्त मिले हैं प्रधानाध्यापक छुट्टी पर है सुबह सहायक अध्यापक बृजराज जब स्कूल पहुंचे तो देखा कि स्कूल का ताला टूटा है सामान गायब है उन्होंने मामले की सूचना पुलिस चौकी सिंघिया को दिया है बताया जाता है इसके पहले भी कई बार विद्यालय में चोरी हो चुकी है लेकिन चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होता है जिससे चोरों के हौसले बुलंद है और विद्यालय में चोरी होती है विद्यालय में चोरी होने के बाद दोपहर भोजन बनाए जाने की व्यवस्था खराब हो जाती है और स्कूल के बच्चों को कई सप्ताह दोपहर का भोजन नहीं मिल पाता है।

त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

महगांव कौशांबी। संदीपन घाट थाना में गुरुवार को आगामी त्योहार दुर्गा पूजा दशहरा एवं नवरात्रि त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर संदीपन घाट थाना परिसर में थाना प्रभारी भुनेश चौबे की अध्यक्षता में पीस कमेटी की शान्ति बैठक संपन्न की गई। थाना परिसर में थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, ग्राम प्रहरी सहित बुद्धिजीवी वर्गो तथा संभ्रांत गणों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस शान्ति कमेटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक भुनेश चौबे ने ग्राम प्रधानों और दुर्गा पूजा आयोजकों से कहा की दुर्गा पूजा त्योहार को देखते हुए उच्च अधिकारी के निर्देश पर आप सभी लोगों को जरूरी दिशा निर्देश और कानून व्यवस्था एवं शान्ति पूर्ण तरीके से त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। उन्हों ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल में किसी भी प्रकार की अराजकता और उपद्रव कानून व्यवस्था खराब करने वालो को क्षमा नही किया जाएगा, डीजे संचालको से बताया गया कि 80 डिसाइबल से ज्यादा आवाज नही होनी चाहिए ज्यादा से ज्यादा दो साउंड बजाने की परमिशन है, हर दुर्गा पूजा पंडाल में आयोजकों की ओर से मूर्ति देख रेख के लिए दिनरात वालेंटियर नियुक्त करने के लिए कहा गया। देर रात तक डीजे न बजाने की बात कही गई इसके साथ ही विसर्जन के वक्त डीजे प्रतिबंधित किया गया है और मूर्ति विसर्जन नदी में पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है, विसर्जन अपने नजदीकी तालाब या गड्ढे में डालकर दबाने को बताया गया है साथ ही विसर्जन में कम से कम लोगो को शामिल होने और बच्चो को सामिल न करने की बात कही गई। ताकि शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। मूर्तियों के विसर्जन के समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए विसर्जन के समय शराब पीकर न जाए, नशा करके विसर्जन के समय ज्यादा बवाल होने की संभावना रहती है इस पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है। सुचना तंत्र को मजबूत एवम प्रभावी बनाने के लिए यह बैठक किया गया। घटनाओं एवम गांव में होने वाले विवादों के सम्बंध में तत्काल सूचित करने हेतु बताया गया तथा उच्च अधिकारियों द्वारा जारी आदेशों एवम निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व होते हैं जो उपद्रव करने की मंशा रखते हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। कोई संधिग्ध हालात में घूमते दिखाई दे तो सुचना फौरन पुलिस को सुचित करे। बैठक के दौरान उप निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, संजय राय, धीरेन्द्र सिंह, श्री भगवान, मुरतगंज चौकी इंचार्ज हनुमान प्रसाद साथ समस्त पुलिस स्टाप मौजुद रहे।

न्यूज झरोखा

महामाया राजकीय महाविद्यालय में अमृत कलश यात्रा का आयोजन

कौशाम्बी महामाया राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार की अध्यक्षता में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में छात्र छात्राओं में राष्ट्रीयता की भावना को प्रेरित करते हुए "मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। छात्र- छात्राओं ने अपने अपने गांव की मिट्टी तथा चावल कलश में भरकर देश के शहीदों के प्रति भावनात्मक लगाव को प्रदर्शित किया। महाविद्यालय से ओसा चौराहे तक कलश यात्रा निकाली गई जिसमें शिविर के छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उक्त कार्यक्रम में मुस्कान, सञ्जना,नव्या, अञ्जलि, प्रीति, पूनम, श्रेया, अशफाक,अभिषेक, अमित, हिमांशु,प्रिंस, अशरफ इत्यादि छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉक्टर पवन कुमार सहित डॉ अनिल कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ नीलम बाजपेयी, डॉ भावना केसरवानी, डॉ रीता दयाल, डॉ तरित अग्रवाल, डॉ आनन्द कुमार, डॉ रमेश चन्द्र, डॉ सन्तोष कुमार, डॉ शैलेश मालवीय आदि उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निः शुल्क कोचिंग प्रारम्भ

कौशाम्बी। श्रीमती भारती त्रिपाठी उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के नेतृत्व में डायट प्रवक्ताओं द्वारा दस अक्टूबर से सायं 3:30 से 5:00 तक राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2023 में शामिल होने वाले छात्रों के अधिगम क्षमता में वृद्धि करने के लिए निःशुल्क कोचिंग का आयोजन किया जा रहा है। यह निः शुल्क कोचिंग परीक्षा होने तक अनवरत संचालित की जाएगी 11 अक्टूबर को डॉ प्रमोद कुमार सेठ प्रवक्ता , डॉ धीरज कुमार प्रवक्ता, डॉ देवेश सिंह एवं डॉ कौशलेन्द्र मिश्र प्रवक्ता डायट कौशाम्बी द्वारा सामाजिक विज्ञान, मानसिक योग्यता परीक्षण विषय व विज्ञान का अध्यापन किया गया। प्रवक्ताओं द्वारा परीक्षा का प्रारूप, प्रश्न हल करने, ओएमआर शीट भरने में सावधानी इत्यादि बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। गुरुवार को लगभग 50 छात्र उपस्थित रहे। कल विज्ञान और एमएटी की कक्षाएं संचालित किया जाएगा।

मेरठ में आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी धर्मा देवी की छात्राएं

कौशाम्बी। राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयनित हुये धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी के 12 छात्र/छात्राएँ प्रयागराज के मेवालाल अयोध्या प्रसाद स्मारक इण्टर कॉलेज सोराँव में संपन्न हुयी मण्डलीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार कौशाम्बी के.राजवर्धन सिंह शिखा वर्मा मधु देवी रेशमा देवी गरिमा मिश्रा खुशबु देवी नीलू कुशवाहा रुषमा देवी सोनाली महेक रचना अमिता सिंह ने मण्डल स्तर पर स्थान अर्जित कर 01 नवम्बर से 04 नवम्बर तक मेरठ में आयोजित होने वाली राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे इसकी जानकारी होने पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गयी प्रार्थना सभा में विजेता छात्र/छात्राओं को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया इस उपलब्धि पर जिला क्रीडा सचिव श्याम लाल एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी ने विजेता छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

आगामी दशहरा, नवरात्रि के मद्देनजर पूरामुफ्ती थाना में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

मनौरी कौशाम्बी। आगामी त्यौहार दशहरा,नवरात्रि के मद्देनजर गुरुवार को पुरामुफ्ती थानाध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में थाना परिसर में एक पीस कमेटी मीटिंग संपन्न हुई जिसमे क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए ,सभी लोगो ने अपनी अपनी समस्या से थानाध्यक्ष को अवगत कराया , थानाध्यक्ष ने बड़ी शालीनता से सब की बातो को सुना और आए हुए महानुभावों को आश्वस्त किया की आगामी त्यौहार में हमारी पुलिसबल आपके साथ रहेगी आपलोगो को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही होगी दुगार्पूजा की प्रतिमा स्थापित करने वाले लोग एसडीएम से आदेश जरूर ले ले, सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाए किसी प्रकार लड़ाई झंझट न करे। बैठक में मनौरी रामलीला समिति के संरक्षक शंभू लाल केसरवानी,राधेश्याम केसरवानी,अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी,महामंत्री उमेश कुमार (दीपू केसरवानी), संजय सिंह मीरापुर प्रधान ,अजयराज तिवारी, पुरामुफ्ती थाना के समस्त स्टाफ आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे!

अंबेडकर की मूर्ति का किसी ने तोड़ दिया हाथ

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के बूंदा गांव में बनी भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के हाथ को बीती रात में अराजक तत्वों ने ईंट मार के तोड़ दिया है अराजक तत्वों ने माहौल को खराब करने की कोशिश की है सूचना मिलते ही मौके पर पिपरी पुलिस व सीओ चायल पहुंचे ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत किया फिलहाल स्थिति सामान्य है। ज्ञान बाबू और सुभाष के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

कौशाम्बी में तैनात दो इंस्पेक्टर बने सीओ, एक को प्रयागराज तो एक को अयोध्या में मिली तैनाती

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवम पटल पर तैनात इंस्पेक्टर का प्रमोशन कर उन्हे सीओ बनाया है,प्रदेश के 110 इंस्पेक्टर को सीओ पद पर प्रमोशन मिला है,जिसमे से कौशाम्बी जनपद में तैनात दो इंस्पेक्टर भी शामिल है जिन्हे सीओ के पद पर प्रमोशन मिला है। कौशाम्बी जनपद में तैनात इंस्पेक्टर एहतेशामुद्दीन सिद्दीकी एवम इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह का शासन ने प्रमोशन कर उन्हे सीओ बनाया है।एहतेशामुदीन सिद्दीकी को सीबीसीआईडी प्रयागराज में तैनाती मिली है वही इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को अयोध्या का सीओ बनाया गया है। जनपद के दो इंस्पेक्टर के प्रमोशन के बाद सीओ बनने के बाद विभाग में खुशी की लहर है,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव सहित सभी पुलिस के अधिकारियों एवम कर्मचारियों ने दोनो इंस्पेक्टर को बधाई दी है।

संपादकीय

̇भारत में हर तीसरी महिला गठिया की शिकार है

अंतरराष्ट्रीय ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 12 अक्टूबर को मनाया जाता है ।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवस मनाये जाते है उनमें एक यह भी है। लगभग सभी दिवसों का प्रयोजन सामान है। अर्थात समाज में में चेतना और जागरूकता फैलाना। ऑस्टियोपोरोसिस को हम आर्थराइटिस के नाम से भी जानते है। यह हड्डियों से सम्बंधित रोग है। इसके रोगी आपको घर घर में मिलेंगे। बताया जाता है कि यह रोग 45 साल से अधिक आयु के लोगों में साधारणतय मिलता है। इसके पीछे के कारणों पर गौर करें तो आधुनिक जीवन शैली एरहन सहन के साथ विटामिन और केल्शियम की कमी मुख्य जिम्मेदार तत्वों में है। बोलचाल की भाषा में हम इसे गठिया रोग भी कहते है। हड्डियों में जकडन एसूजन और जोड़ों में दर्द भी गठिया में आम बात है। विशेषकर 60 साल से अधिक आयु के लोगों को यह रोग अधिक परेशान करता है। यह भी कहा जाता है कि हमारे देश में हर तीसरी महिला इसकी शिकार है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस रोग में दवा कम काम करती है। योग और व्यायाम को वरदान माना गया है। विटामिन डी और केल्शियम की पूर्ति करने वाले दूध के उत्पादन और रेशे युक्त सब्जियां और फल रोग के निदान में काफी सहायक होते है। बचाव ही इसका उपचार है। हड्डियां मजबूत होगी तो व्यक्ति निरोगी रहेगा। आर्थ्राइटिस को आम बोलचाल की भाषा में गठिया कहते हैं। इस समय देश में एक करोड़ 80 लाख लोग आर्थराइटिस के शिकार हो गए हैं। गौरतलब है कि रोजाना शरीर के जोड़ विभिन्न तरह से काम करते हैं और घुटने व कुल्हे खासतौर से पूरे शरीर का वजन उठाते हैं। घुटनों के ज्वाइंट के बीच जैली जैसा एक पदार्थ होता है जिसे कार्टिलेज कहते हैं। यह कुशन या शॉक अब्जॉर्बर का काम करता है। समय के साथ या किसी दुर्घटना में ये कार्टिलेज घिसना शुरू हो जाता हैए जिससे हड्डियां एक दूसरे के संपर्क में आ जाती हैं और आपसी रगडन से उनमें दर्द और अकडन आ जाती है इसे आर्थ्राइटिस कहते हैं।

पूरी दुनिया में हर तीन में से एक महिला और हर पांच में से एक पुरुष को ऑस्टियोपोरोसिस से फ्रैक्चर का खतरा बना रहता है। कहीं यह खतरा आप तक न पहुंच जाएए इसलिए अभी से सावधान हो जाएं और कुछ खास बातों पर ध्यान देंए बता रही हैं ऑस्टियोपोरोसिस का शाब्दिक अर्थ पोरस बोन्स है। यानी वह बीमारीए जिसमें हड्डियों की गुणवत्ता और घनत्व कम होने लगता है। हड्डियों की क्षति होने की रफ्तार लगातार और चुपचाप होती है। हमारी हड्डियां कैल्शियमए फॉस्फोरस और प्रोटीन के अलावा कई तरह के मिनरल्स से मिल कर बनी होती हैं। अनियमित जीवनशैली और बढ़ती उम्र के साथ.साथ ये मिनरल खत्म होने लगते हैंए जिससे हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है और वे घिसने और कमजोर होने लगती हैं। कई बार हड्डियां इतनी कमजोर हो जाती हैं कि मामूली चोट से भी फ्रैक्चर हो सकता है। ऑस्टियोपोरोसिस को एक साइलेंट डिजीज माना जाता हैए क्योंकि इससे ग्रस्त होने का पता तब तक नहीं चलताए जब तक किसी हड्डी में फ्रैक्चर न हो जाए।

ऑस्टियोपोरोसिस होने के कई कारण हैंए जिनमें प्रमुख हैं आनुवंशिक, प्रोटीन, विटामिन डी और कैल्शियम की कमीए व्यायाम न करनाए बढ़ती उम्रए धूम्रपानए डायबिटीजए थाइरॉयड जैसी बीमारियां। दौरे की दवाओंए स्टेरॉयड आदि कुछ दवाओं के सेवन से भी यह समस्या हो सकती है। छोटे बच्चों का बहुत ज्यादा सॉफ्ट ड्रिंक पीनाए महिलाओं में जल्दी पीरियड्स खत्म होना भी इस बीमारी का कारण बन सकता है। यूं तो शुरूआत में दर्द के अलावा ऑस्टियोपोरोसिस के कुछ खास लक्षण नजर नहीं आतेए पर जब बार.बार हल्की.सी चोट लगने पर भी फ्रैक्चर होने लगते हैंए तब पता चलता है कि ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी हो चुकी है। इस बीमारी में शरीर के जोडमें जैसे रीढ़ए कलाई और हाथ की हड्डी में आसानी से फ्रैक्चर हो जाता है। शुरूआत में हड्डियों और मांसपेशियों में हल्का दर्द होता हैए लेकिन फिर ये बढ़ता जाता है। खासतौर पर पीठ के निचले हिस्से और गर्दन में हल्का सा दबाव पड़ने पर भी तेज दर्द होने लगता है। चूंकि इस बीमारी का पता शुरूआती दौर में नहीं लगताए इसलिए पता लगने तक हड्डियां काफी घिस चुकी होती हैं और कमजोर हो जाती हैं।

मतदाता जागरूक बने एवं दिखाये अपनी ताकत

-: ललित गर्ग :-

पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। उनकी तारीखों का भी ऐलान हो गया है, अब चुनावी बिगुल बज चुका है, राजनीतिक दल एवं उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने, लुभाने एवं अपने पक्ष में मतदान कराने के लिये तरह-तरह के दांवपेंच चलायेंगे, इन लुभावनी छटाओं के बीच एक दिन के राजा यानी मतदाता को सतर्क एवं सावधान होकर अपने मत का उपयोग करना होगा। चुनाव मतदाताओं के हाथ में एकमात्र लेकिन बहुत ही कारगर संवैधानिक अधिकार होता है, जिसके सहारे वे जनप्रतिनिधियों का ही नहीं राष्ट्र का भविष्य निर्धारित-निर्मित करते हैं। इसलिये वक्त की नजाकत को देखते हुए मतदाता किसी प्रलोभन में न आये और देश-हित में सृजन करें। गरीब देश की टूटती सांसों को जीने की उम्मीद दें। भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त धमनियों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता का संचार करें। इस वक्त सब-कुछ बाद में, पहले देश-हित की रक्षा और उसकी अस्मिता है, राष्ट्रीय एकता का लक्ष्य है। मतदाता इसी लक्ष्य से पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को निर्णायक मोड़ दे सकेगा। मतदाता को जागरूक होकर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने में सहयोग करना होगा। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इसलिये पांच राज्यों में राजनीतिक दलों और मतदाताओं की ही नही, चुनाव आयोग की भी परीक्षा होगी।

मतदाता की बड़ी जिम्मेदारी का यह एक दिन नये भारत-सशक्त भारत को निर्मित करने का आधार है। लेकिन विडम्बना ही है कि मतदाता अपने अमूल्य वोट को चंद चांदी के टुकडों में बेच देता हो, सम्प्रदाय-जाति के उन्माद में योग्य-अयोग्य की पहचान हो खो देता हो, वह मतदाता भला योग्य उम्मीदवार को कैसे विधायी सदनों में भेज पाएंगा? नये-नये नेतृत्व उभर रहे हैं लेकिन सभी ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं एवं निर्णायक हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक सभ्यता का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि हम सभी ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच पांच राज्यों के चुनावों में हमें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो सकेगी?

आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों एवं उनके दागी उम्मीदवारों के पास नहीं है। किसी लोकतंत्र और उनके नुमाइंदों को देखकर इसका भान किया जा सकता है कि वहां के नागरिक, मौजूदा स्थिति में मतदाता, कितने समझदार और जिम्मेदार हैं। इसी समझदारी का परिचय मतदाताओं को देना है। आधार उनके पास है ही। उन्होंने शासन देखा है, माहौल भोगा है, नीति एवं नियमों की अनदेखी देखी है, अपने जनप्रतिनिधियों को परखा भी है और विपक्षियों को करीब से जाना भी है। वे भलीभांति महसूस कर सकते हैं कि संवेदनशीलता एवं राष्ट्रहित की उम्मीद वे किन से कर सकते हैं, कौन उनका खुद का, उनके परिवार, समाज और राज्य का भला करने वाला है, किसके हाथ में शासन की बागडोर सौंपकर वे निश्चिंत हो सकते हैं। जैसाकि हम जानते हैं कि लोग शीघ्र ही अच्छा देखने के लिए बेताब हैं,

उनके सब्र का प्याला भर चुका है। लोकतंत्र को दागदार बनानेवाले अपराध और अपराधियों की संख्या बढ़ रही है। जो कोई सुधार की चुनौती स्वीकार कर सामने आता है, उसे रास्ते से हटा दिया जाता है। लेकिन इस बार प्रधानमंत्री स्वयं एक नया रास्ता बनाने, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं चुनाव की खामियों को दूर करने की ठानी है, इसलिये एक नया सूरज तो उदित होगा। लेकिन यह नया सूरज उगाने में मतदाता ही योगभूत है। मतदाता को दूरगामी एवं परिपक्व होना होगा, प्रशिक्षित होना होगा, तभी लोकतंत्र सुदृढ़ हो पायेगा एवं चुनाव के महासंग्राम के नीर-क्षीर से सक्षम एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि चुने जा सकेंगे। जबकि अनेक मतदाताओं को अपने हिताहित का ज्ञान नहीं है, इसलिये हित-साधक एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं दल का चुनाव नहीं कर पाते। मतदाता की यह गलती एवं गैर-जिम्मेदारी आजादी के अमृतकाल में विश्राम पाये, इसके लिये इन पांच राज्यों के चुनाव कसौटी के हैं। ये चुनाव इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इनको अगले लोकसभा चुनाव की पूर्वपीठिका के तौर पर देखा जा रहा है। इन पांच प्रदेशों से लोकसभा में 83 एवं राज्यसभा में 34 सांसद चुनकर आते हैं, ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल इन चुनावों को हल्के में नहीं ले सकता। इन चुनावों के नतीजे आम-चुनाव के लिये हवा बनाने-बिगाड़ने का आधार होंगे, इसलिये राष्ट्रीय पार्टियां अपने तरकश सजाने लगी है। लेकिन मतदाता इस सजावटी माहौल में अपने विवेक एवं समझ को नये पंख एवं परिवेश दे, स्वयं की जिम्मेदारी को महसूस करें। खुद के होने का भान कराये।

जान-बूझकर से तो कोई भी मतदाता गलती नहीं करता, पर बहकावे, प्रलोभन, जात-पात, मोहमुग्धता एवं अभाव में तो कभी-कभी अज्ञानतावश जनप्रतिनिधि चयन में उनसे गलती हो जाती है और गलत, अपराधी एवं अपरिपक्व जनप्रतिनिधि चुन लिये जाते हैं। यह गलती न हो, इसके लिए उन्हें अच्छी तरह सोच-विचार कर फैसला करना चाहिए। ऐसा करते समय यह जरूर ध्यान रखना चाहिए कि फिर पांच साल उन्हें यह कहने का नैतिक हक नहीं रहेगा कि उनका जनप्रतिनिधि या सरकार अच्छा नहीं कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि और सरकार को कोसने वाले 35-40 प्रतिशत मतदाता हमारे बीच ऐसे भी हैं, जो मतदान ही नहीं करते। मतदान न करने की उनकी यह प्रवृत्ति भी लोकतंत्र की एक बड़ी विसंगति एवं कमजोरी का कारण है। पांच राज्यों की सरकारें चुनावों के चलते तमाम जनहित के फैसलों को टालती हैं या लोक-लुभावन फैसले लेती हैं। इससे सुशासन का स्वप्न धरा रह जाता है। भारतीय राजनीति के लिए यह एक गहरा संकट और चुनौती दोनों है। राष्ट्र में आज ईमानदारी एवं निष्पक्षता हर क्षेत्र में चाहिए, पर चूँकि अनेक गलत बातों की जड़ चुनाव है इसलिए पांच राज्यां के चुनावी कुंभ में व्याप्त विरोधाभासों एवं विसंगतियों को दूर किया जाना और इसके लिये मतदाता का जागरूक होना, नितांत अपेक्षित है।

चुनाव लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है, यह एक यज्ञ होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का दुर्लभ अवसर है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जायेंगे। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बतायेगा, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश एवं उसके नागरिक गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझते दिखाई देते। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ह्वअगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।ह्ल इन पांच राज्यों के चुनावों में मतदाता चाहे तो खुद को और अपने जनप्रतिनिधि को खाई में गिरने से बचाकर राष्ट्र को स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र दे सकता है।

इजरायल और हमास के युद्ध से मानवता पर बढ़ता खतरा

रूस और यूक्रेन के बाद अब इजरायल और हमास के बीच धमासान युद्ध के काले बादल विश्व युद्ध की संभावनाओं को बल देते हुए लाखों लोगों के रोने-सिसकने एवं बर्बाद होने का सबब बन रहे हैं। युद्ध की बढ़ती मानसिकता विकसित मानव समाज पर कलंक का टीका है। हमास ने नासमझी दिखाते हुए आतंकी हमला करके सोये शेर को जगा दिया है। आतंकी हमले का पहला राउंड इस मायने में पूरा हुआ माना जा सकता है कि उसे अंजाम देने वाले संगठन हमास ने कहा है कि उसका जो मकसद था वह पूरा हो चुका है और अब वह युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन प्रश्न है इजरायल इस हमले पर कैसे शांत रहेगा? उसके यहां हुए महाविनाश एवं व्यापक जनहानि के बाद उसके लिये कथित युद्धविराम प्रस्ताव का कोई अर्थ नहीं है? इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कड़े शब्दों में कहा कि युद्ध शुरू तो हमास ने किया है, लेकिन खत्म हम करेंगे। दुश्मनों ने अंदाजा भी नहीं लगाया होगा कि उन्हें इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी।ह्लह्ल आज दुनिया से आतंकवाद को खत्म करना प्रमुख प्राथमिकता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में इजरायल के साथ है। भारत युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला चाहता है, लेकिन कोई जबरन हिंसा एवं आतंक को पनपाता है तो उसे नियंत्रित करने के लिये उचित कदम उठाने की होंगे।

हमास के सरगना मोहम्मद डेफ ने इस हमले को महान क्रांति का दिन बताते हुए कहा कि हमने इसरायल के विरुद्ध नया सैन्य मिशन शुरू किया है। बस अब बहुत हो गया। अब हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे।ह्ल इस पर गुस्साए इजरायल ने भी आधिकारिक तौर पर ह्वहमासह्ल के विरुद्ध युद्ध का ऐलान करके इसे ह्वआप्रेशन आयरन स्वोर्ड्सह्ल नाम दिया है तथा गाजापट्टी के इलाके में 17 ठिकानों पर इजरायल वायु सेना के लड़ाकू जैट विमानों द्वारा ताबड़तोड़ हमले किए जा रहे हैं। जहां तक इजरायल की जवाबी कार्रवाई का सवाल है तो इतना तो तय है कि बात यहीं नहीं रुकेगी, जंग का दूसरा राउंड शायद पहले से ज्यादा भीषण एवं महाविनाशक होगा, लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि नेतन्याहू सरकार इसे किस तरह से अंजाम देगी। फिलहाल इतना ही कहा जा सकता है कि गाजापट्टी उसके हमलों का निशाना बनेगी। गाजापट्टी में हमास का प्रभाव जरूर है, लेकिन वहां 23 लाख लोग रह रहे हैं जिनका एक बड़ा हिस्सा हमास की गतिविधियों और योजनाओं से अनजान होगा। ऐसे बेकसूर लोग जितनी बड़ी संख्या में इजरायली कार्रवाई के शिकार होंगे, मानवाधिकार का सवाल उतने बड़े रूप में उभरेगा और फलस्तीनियों के लिए तथाकथित सहानुभूति भी जुट सकती है।विश्व शांति, अमन एवं अहिंसक समाज रचना दुनिया की जरूरत है, लेकिन हमास जैसी आतंकी सोच इसकी सबसे बड़ी बाधा है, इसलिये हमास की जितनी निंदा की जाए कम है। जिस संगठन को बंदूक छोड़कर गाजा पट्टी के विकास में लगना चाहिए, वह संगठन धर्म-अधर्म के रास्ते ताकत सिर्फ इसलिए जुटाता है, ताकि इजरायल के शरीर पर पहले से कहीं गहरा छुरा धंसा सके, मर्माहत आघात कर सके? मोसाद बनाम हमास की लड़ाई मानो एक व्यवसाय बन गई है, विकृत एवं हिंसक मानसिकता का स्थायी घर बन चुकी है। दोनों देशों की सत्ताएं आखिर शांति एवं अमन का सबक क्यों नहीं लेती? स्वयं अपने देश में स्थायी शांति के प्रति गंभीर क्यों नहीं होती है? आज उन्हें स्थायी शांति के उपायों पर जोर देना चाहिए, दुनिया को ऐसे देशों की जरूरत है, जो आतंकमुक्ति को सही दिशा में प्रेरित करें, ताकि पश्चिम एशिया के खूनी दलदल को हमेशा के लिए पाटा जा सके।

अभी लेबनान की तरफ से हिजबुल्ला के कुछ हमले हुए हैं लेकिन लेबनान सरकार उस इलाके में शांति और स्थिरता बने रहने की इच्छा जताने तक सीमित है। ईरान और सऊदी अरब ने भी फलस्तीनियों के हक में शांति कायम करने की कोशिश की बात कही है। अगर बात बढ़ी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हमास के लिए समर्थन बढ़ा तो हालात बदतर ही होंगे। दुनिया को लगातार युद्ध, आतंक, अशांति, हिंसा की ओर धकेलने वालों से सवाल पूछना ही होगा कि युद्ध एवं आतंक से हासिल क्या होगा?

सबसे पहले धर्मगुरुओं से और उसके बाद राजनीतिक आकाओं से यह समझना होगा कि ऐसी युद्ध एवं आतंक की मानसिकता से किसका भला हो रहा है? निर्दोषों की हत्याएं भला कैसे जायज हैं? अगर ऐसी हत्याएं जायज हैं, तो फिर मजहबों के मानवीय एवं शांतिप्रिय होने का बखान बंद होना चाहिए। बुरा आदमी और बुरा हो जाता है जब वह साधु बनने का स्वांग रचता है। दुनिया में छोटी-छोटी बातों पर लोगों के दिल आहत हो जाते हैं, पर हजारों निर्दोष एवं मासूक बच्चों एवं महिलाओं की मौत से कौन आहत हुआ है? कहां है मानवता? कहां है विश्वशांति का स्वप्न? निश्चित ही हिंसा की धरती पर शांति की पौध नहीं उगायी जा सकती।

लगभग सत्तर साल से फलस्तीन के नाम पर जो खून-खराबा हो रहा है, इसके लिए कौन जिम्मेदार है? क्या इन इलाकों में दुश्मनियों को इंसानी रगों में पाला जाता है, ताकि मौका आने पर खून बहाया जा सके? क्या ऐसे इलाकों में युवा जवान ही इसलिए होते हैं कि इंसानियत को शर्मसार कर सकें? कोई ऐसे दाग-धब्बों के साथ अपने देश का इतिहास लिखता है क्या? बड़ा प्रश्न है कि इस व्यापक हिंसा एवं आतंक को रोकने वाला कौन होगा? कोई आतंकी हमास के साथ दिख रहा है, तो कोई इजरायल के लिए लुट-मिट जाने को बेताब है?

पद एक और दावेदार अनेक

देश की हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मियां तेज हो गई है। तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है और सभी दल अपने.अपने हिसाब से तैयारियों में जुट गए हैं इनमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता पर कांग्रेस पार्टी काबिज है वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा का परचम फहरा रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोतए छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री के पद पर कार्यरत है। तीनों ही ओबीसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते है। राजस्थान में अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलेट में आपसी संघर्ष सर्वविदित है। सचिन ने एक बार गहलोत के शासन का तख्ता पलटने का प्रयास किया था मगर सफल नहीं हुए। गहलोत ने सचिन को नक्कारा और निक्कमा घोषित करते देर नहीं की। फिलहाल चुनावी शांति बनी हुई है। टिकटों के वितरण के बाद ही पत्ता चलेगा यह सियासी शांति बनी रहती है या नहीं। कांग्रेस ने यहाँ सीएम का फेस किसी को घोषित नहीं किया है। गहलोत और सचिन दोनों ही सीएम पद के दावेदार है। दूसरी तरफ भाजपा में भी गुटबाजी कम नहीं है एइसी कारण यहाँ सीएम का फेस घोषित नहीं किया गया और मोदी के फेस पर चुनाव लडा जा रहा है। भाजपा में वसुंधरा राजे सहित आधा दर्जन नेता सीएम पद के दावेदार है। इनमें केंद्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंहए नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ए सांसद दिया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल है। राजे से पार्टी का आलाकमान नाराज चल रहा है। राजस्थान विधानसभा में इस बार भारतीय जनता पार्टी ने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने का फैसला किया हैण पिछली बार पार्टी ने वसुंधरा राजे की लीडरशिप में चुनाव लड़ा था। मध्य प्रदेश में हालाँकि कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव लड़ रही है और वे सीएम फेस भी है। मगर भाजपा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनौती देने के लिए भाजपा हाई कमान ने कई भारी भरकम नेताओं को चुनावी मैदान में उतार दिया है। राज्य में मुख्यमंत्री पद के दावेदार नरेन्द्र सिंह तोमरए कैलाश विजयवर्गीय जैसे नामों को भी विधानसभा चुनाव संग्राम में उतार दिया गया। इनमें कुछ ने तो सरेआम कह दिया कि पार्टी उन्हें ष्महज विधायक बनाने के लिए नहीं लड़वा रही हैए तो दूसरे ने कहा कि चुनाव लड़ने का आदेश तो उनके ष्गुरू ने दिया हैए जो कुछ ष्बड़ा करने के लिए है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को सीएम फेस घोषित नहीं किया है और यहां भी राजस्थान की तरह मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा जायेगा। मगर कांग्रेस में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके ही उप मुख्य मंत्री टीएस सिंहदेव की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इस भांति कहा जायेगा की तीनों प्रदेशों में सीएम पद के अनेक दावेदार है जिनके बीच किसी एक का चुनाव करना इतना सरल नहीं होगा। हालाँकि मोदी का विरोध करने की हिम्मत इस समय किसी नेता में नहीं है क्योंकि भाजपा में अकेले मोदी ही ऐसे नेता है जो चुनाव जितवाने में सक्षम है।

हड़बड़ी में पार्टी की फजीहत करवाते भाजपा नेता

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में भाजपा को चुनाव जीतने की कितनी जल्दी बाजी हो रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। जिससे भाजपा की बड़ी फजीहत हो रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनो पूर्व इसी अभियान के तहत भाजपा द्वारा किसानों से जुड़ा हुआ एक पोस्टर जारी किया गया था। जिस पर एक किसान का फोटो लगाकर लिखा गया था कि राजस्थान में 19000 से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान।

पोस्टर पर जिस किसान माधुराम की फोटो लगाई गई है उसका कहना है कि पोस्टर में मेरी जमीन नीलाम होने की बात लिखी गयी है। जबकि मेरी तो कोई जमीन नीलाम ही नहीं हुयी है। मुझसे पूछे बिना ही बेवजह पोस्टर पर मेरी फोटो लगा दी गई है। मेरा कहीं भी किसी भी बैंक में कोई लोन बकाया नहीं है। जिसने भी मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया है उनको तुरंत ही मेरी फोटो पोस्टर से हटाकर माफी मांगनी चाहिए। पूरे प्रदेश में मेरी फोटो लगे पोस्टर लगने से मेरी बहुत बदनामी हुई है। मेरे पास आज भी 188 बीघा जमीन है। मगर किसी का भी कोई कर्जा नहीं है।

करीबन 70 वर्षीय माधुराम जयपाल जैसलमेर जिले के रामदेवरा क्षेत्र के रिखियों की ढाणी के रहने वाले हैं। पोस्टर पर अपनी फोटो आने के बाद उन्होंने भाजपा के जिला स्तरीय नेताओं से संपर्क कर अपनी फोटो हटवाने के लिए बोल दिया है। इस बाबत जैसलमेर जिले के भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा का कहना है कि सभी तरह के पोस्टर प्रदेश स्तर से बनवाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं थी।

एक किसान ने आकर बताया था। हम प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवा देंगे। माधुराम का कहना है कि 2 महीने पहले दो लड़के हमारे गांव में कैमरे लेकर आए थे। तब उन्होने बोला था कि हम फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार के सामने आपके फसल खराबे की रिपोर्ट रखेंगें। तब उन्होंने मेरी फोटो ली थी। उगर उन्होंने मुझे नहीं बताया था कि पोस्टर पर मेरी फोटो लगाई जाएगी।

किसान माधुराम के सबसे छोटे बेटे जुगताराम का कहना है कि जब से मेरे पिताजी को पोस्टरों पर उनकी फोटो लगने के बारे में पता लगा है तब से वह बहुत टेंशन में रहने लगे हैं। मुझे बार-बार पूछते हैं कि वह फोटो हटी कि नहीं। मेरी बहुत बदनामी हो गई। मेरे पिताजी को बहुत तकलीफ हो रही है। हम लोग भाजपा के नेताओं से प्रार्थना करते हैं कि पोस्टरों से मेरे पिताजी की फोटो को हटवा देवें।

इस तरह की घटनाओं से राजनेताओं ने तो अपना स्वार्थ साध लिया है। मगर गांव में रहने वाले एक इज्जतदार किसान की इज्जत तो खराब हो गई जिसकी भाजपा कैसे भरपाई कर पाएगी। भाजपा नेताओं को चाहिए कि कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच परख कर ही आगे बढ़ायें। जिस तरह की घटना एक गरीब किसान माधुराम के साथ घाटी है उस घटना को उसका परिवार जन्म-जन्मांतर तक नहीं भूला सकेगा। जिन पोस्टरों के बल पर भाजपा राजस्थान में सरकार बदलने के लिए हवा बन रही है। वह पोस्टर ही फुस्स हो गया। भाजपा के एक झूठ ने पूरे अभियान की हवा निकाल कर रख दी है।

इसी तरह सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में एक अति उत्साही भाजपा नेता ने अपने बैनरों पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के स्थान पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लगे बैनर बनवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर प्रचार भी शुरू कर दिया। उन्होंने ऑटो रिक्शा पर बैनर लगाते वक्त भी उसको देखना उचित नहीं समझा। जब शहर में लोगों ने टोका-टाकी की तो कहा गलती हो गई। रेवदर शहर में भाजपा के स्थानीय नेता रमेश कोली को पार्टी ने सदस्यता अभियान का विधानसभा का संयोजक नियुक्त कर रखा है। रमेश कोली खुद बीजेपी की टिकट के लिये दावेदारी जता रहें हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रभाव जमाने के लिए कई ऑटो रिक्शा पर बैनर लगवा कर बूथ जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। बैनर पर रमेश कोली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की फोटो लगा रखी थी।

यहां गलती से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो के स्थान पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लग गई और बैनर छपवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर शहर भर में घूमवा दिए गए। जब लोगों ने इस बैनर के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया तब रमेश कोली को पता लगा और उनके कार्यकर्ता दौड़कर ऑटो रिक्शा पर सीपी जोशी की फोटो पर सफेद कागज चिपकाते नजर आए।

चुनाव से पहले भाजपा में इस तरह की घटनाएं होना पार्टी को जगहंसायी का पात्र बनती है। पार्टी की गंभीरता कम होती है। किसान माधुराम की घटना से तो लगता है कि भाजपा जमीनी कार्यकताओं की के बजाय किराये की एजेंसियों से काम करवा रही है। किसान की फोटो किसी एजेंसी के लोगों द्वारा मंगवाई गई थी। जिसकी सत्यता की जांच करवाना भाजपा नेतृत्व ने उचित नहीं समझा। यदि यही काम जिला व मंडल इकाइयों द्वारा किया जाता तो गलत व्यक्ति की फोटो लगने से बचा जा सकता था और पार्टी की प्रदेश भर में जो फजीहत हुई है वह भी नहीं होती।

इसी तरह से भाजपा के विस्तारको द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन लोगों के नाम का पैनल बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। उसके बाद से भाजपा में अंदरूनी टांग खिंचाई शुरू हो गई है। जिन लोगों के नाम संभावित पैनल में शामिल नहीं किए गए वह लोग भाजपा मुख्यालय पर जाकर धरने प्रदर्शन करने लगे हैं इससे पार्टी का माहौल खराब हो रहा है। कहने को तो हर विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे विस्तारक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं मगर उनके द्वारा फर्जी पैनल बनाकर वायरल करने की घटना से पार्टी बचाव की मुद्रा में आ गई है। मगर ऐसे विस्तारको पर शायद ही कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही हो पाए।

एन चुनाव के वक्त ऐसी घटनाओं से पार्टी के आंतरिक झगड़ा बढ़ते हैं और कार्यकताओं में अविश्वास की भावना पनपती है। इस तरह की घटनाओं को नहीं रोक पाना भाजपा संगठन की एक बड़ी कमजोरी मानी जा रही है। संगठन से जुड़े लोगों द्वारा ही अफवाह फैलाने कि घटना से पार्टी की हवा खराब हो रही है। इन घटनाओं से लगता है कि राजस्थान के भाजपा नेताओं में आपसी तालमेल की कमी है तथा सभी नेताओं में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मची हुई है। ऐसी होड़ में पार्टी के नेताओं द्वारा अक्सर ऐसी गलतियां हो जाती है जो पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बन रही है।

आलेख :-

रमेश सर्राफ धमोरा

समाजवादी चिन्तक डॉ लोहिया को सपाइयों ने किया याद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा जिला कार्यालय में महान समाजवादी चिंतक डॉ राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर चित्र पर सपाइयों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि कर याद किया। गुरुवार को सपा जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सपाइयों के समाजवादी आंदोलन आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र, संविधान पर भाजपा कुठाराघात कर रही है। अतिवाद पूंजीवाद को बढ़ावा दे रही है। दलित-पिछड़ा व शोषित समाज के हक सीमित किए जा रहे हैं। डॉ लोहिया के विचार प्रासंगिक हैं। समाजवादी लोगों को डॉ लोहिया के बताये रास्ते पर चलकर संविधान व लोकतंत्र विरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। नवयुवक आंदोलन को तैयार रहें। आज के दिन समाजवादी नवयुवकों के लिए संकल्प, प्रशिक्षण का दिवस घोषित करते हुए नवयुग गोष्ठी का अवसर दिया। जिला उपाध्यक्ष/पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मोदी राज में दलित-पिछड़ा का हक मारा गया। देश के संसाधनों पर मोदी के चहेतों का एकाधिकार हो गया। गोष्ठी में जिला उपाध्यक्ष मो गुलाब खान, उमाकांत यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, सीताराम कश्यप ने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में संतोष यादव, संदीप प्रजापति, रमेशचंद्र शास्त्री, निजाम सिद्की, सियाराम गुप्ता, मंगल सिंह यादव, मान सिंह पटेल, विनय यादव, रामू पांडे, अभिलाष यादव, शीलू यादव, कोषाध्यक्ष राजा यादव, मुन्नालाल सोनकर, जागेश्वर यादव, गोपीचंद्र यादव, संदीप प्रजापति, रामकिशोर कुरील, अजय यादव आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया।

महिला की आंगन में हुई हत्या के दो आरोपी दबोचे , खून लगे कपड़े बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती शिप्रा उपाध्याय की देखरेख में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की टीम ने घर के अन्दर महिला के दो हत्यारोपी गिरफ्तार किये हैं। आरोपियों की निशानदेही पर खून लगे कपड़े बरामद किये हैं।

ज्ञात है कि एक अक्टूबर को रैपुरा थाने के देउंधा गांव के श्रीचन्द्र पुत्र पिताम्बर ने थाने में तहरीर दी कि उसकी बहू रिंकू देवी पत्नी रामबहादुर की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर हत्यारों की सुरागरसी शुरू कर दी।

थानाध्यक्ष रैपुरा ने आज लवलेश गुप्ता पुत्र श्रीचन्द्र व शुभम गुप्ता उर्फ शिवम पुत्र सोहन निवासी देउधा को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना के समय पहनी अधजली खून लगी शर्ट बरामद की। दबोचे शुभम ने पूंछताछ में बताया कि रिंकू देवी से उसके नाजायज सम्बंध थे। इसकी जानकारी लवलेश को थी। मृतका के कुछ अन्य लोगों से भी नाजायज सम्बंध थे। उसे जब पता चला तो उसने व लवलेश ने मर्यादा को तार-तार होते देख रिंकू देवी की हत्या कर दी। टीम में थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, सिपाही महेन्द्र, राममूरत मिश्रा व तिलकराज शामिल रहे।

किसान करायें बैंक खाते में आधार फीडिंग: राजकुमार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के जिन लाभार्थी किसानों का ई-केवाईसी एवं बैंक खाते में आधार फीडिंग नहीं हुई, वे लाभार्थी किसानों को 15वीं किश्त का लाभ नहीं मिलेगा।

गुरुवार को उपकृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि लाभार्थी किसान अपने गांव के पंचायत सहायक, रोजगार सेवक व कृषि विभाग के प्रा सहा/बीटीएम/एटीएम से सम्पर्क कर फेसियल ई-केवाईसी या कृषि विभाग या सभी राजकीय कृषि बीज भंडार या नजदीकी जनसेवा केन्द्र से ई-केवाईसी करायें। जिन लाभार्थी किसानों का आधार फीडिंग नहीं है, वे अपने बैंक खाते में आधार फीडिंग कराये या इण्डियन पोस्ट बैंक से आधार फीडिंग का नया खाता खुलवायें।

उन्होंने सभी लाभार्थी किसानों से अनुरोध किया कि जिनका ई-केवाईसी एवं आधार फीडिंग नहीं है, वे किसान ये प्रक्रिया अपनाकर अविलम्ब ई-केवाईसी आधार फीडिंग करायें, ताकि आगामी किश्तों का लाभ मिल सके।

मौके पर करायें पैमाइश: डीएम, डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्यायें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन एवं संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर निस्तारण के निर्देश दिये।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने शासन की मंशानुसार समस्याओं का समय व गुणवत्ता से निस्तारण के मद्देनजर चेम्बर में जनता दर्शन एवं संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों से मिलकर समस्यायें जानी। मौके पर ही सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष पर समय से निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भूमि सम्बन्धित मामलों को एसडीएम तत्काल तहसीलदार, नायब तहसीलदार को मौके पर भेजकर पैमाइश कराकर निस्तारण करायें। जनता दर्शन में प्राप्त पत्रों के निस्तारण समय व संतुष्टि पूर्ण होने चाहिए। जन सुनवाई में एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, अपर उप जिलाधिकारी पंकज वर्मा, अपर उप जिलाधिकारी विवेक सिंह मौजूद रहे।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान, मृतका के पिता ने तीन के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के हर्रा गांव में नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा बुधवार की रात पहाडी थाने के हर्रा गांव में संतोष कुमार की पत्नी ऊषा देवी (22) ने किया। बताया गया कि रात को खाना के बाद अपने कमरे में गई। वहां लगी धन्नी में साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। उसकी मौके पर मौत हो गई। ऊषा के पति संतोष ने बताया कि रात दस बजे भोजन के बाद वह छत में लेटने चला गया, गांव में लाइट नहीं थी। काफी देर तक ऊषा छत में लेटने नहीं आई। उसने कमरे में देखा तो वह फांसी के फंदे पर झूल रही थी। ऊषा के पिता सदल यादव निवासी तुर्रा ने आरोप लगाया कि पुत्री को ससुरालीजनों ने हत्या कर दी है। थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पति संतोष कुमार व सास, जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज हो गया है। पहाड़ी थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार नागर ने बताया कि सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतका के पिता की तहरीर पर पति संतोष कुमार, सास व जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सगे-संबंधियों के बूते चल रहा इंटर कालेज

शिक्षकों के कृत्य बने चर्चा का विषय

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र में चल रहे सरदार पटेल इंटर कालेज सगे संबंधियों के सहारे चल रहा है। इंटर कॉलेज को कारोबार की भांति चलाया जा रहा है। कालेज प्रबंधक मइयादीन पटेल व प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह जाने-माने लोग हैं। गुरुवार को सरदार पटेल इंटर कॉलेज रैपुरा प्रबंध समिति में शिक्षकों का कृत्य चर्चा का विषय बना है। कालेज में कार्यरत शिक्षक शांतिशरण पुत्र कामता प्रसाद, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह की सगी बुआ का लडका है। शिवगोपाल सिंह पुत्र केशव प्रसाद प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह की बहन का ससुर है। कालेज में कार्यरत शिक्षक किशोरीलाल सिंह पुत्र भीमसेन सिंह की मित्रता प्रधानाचार्य से छिपी नहीं है, जो कालेज की हर गतिविधियों पर नजर रखते हैं। कालेज को जमीन दान करने वाले विजय कुमार सिंह पुत्र मोतीलाल सिंह समेत चचेरे भाइयों को भी कालेज स्टॉफ में रखा गया है। कालेज में चपरासी के बतौर बच्चू सिंह प्रधानाचार्य के दादा का लड़का है। मिथलेश सिंह पुत्र केशव प्रसाद प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह का साला है। प्रधानाचार्य की पत्नी सरला देवी पत्नी कृष्ण कुमार सिंह भी कालेज स्टॉफ में कार्यरत है। कालेज में पढ़ने वाली 11वीं की छात्रा को लेकर फरार होने वाले शिक्षक सुरेश कुमार पांडेय भी कालेज के प्रमुख स्टॉफ की भूमिका में रहते थे, जिनके कृत्यों के चर्चे चारों ओर सुनाई दे रहे हैं।

इस इंटर कालेज के शिक्षकों के कृत्य चर्चा का विषय बने हैं। आशंका है कि कालेज में पढ़ने वाली मासूम छात्राओं के साथ फिर कोई अनहोनी न हो जाए। 11वीं की छात्रा को लेकर फरार शिक्षक सुरेश कुमार पांडेय समेत अन्य सहयोगी शिक्षकों शांतिशरण सिंह व शिवगोपाल सिंह को कालेज से हटाकर बड़ी कार्यवाही का नाम देकर पल्ला झाड़ने का काम किया है। सरदार पटेल इंटर कॉलेज सगे संबंधियों के बूते चल रहा है। कॉलेज को शिक्षा के मंदिर की बजाय लूट का केन्द्र बनाकर रख दिया है, इसकी जांच अति आवश्यक है, ताकि लूट का पदार्फाश हो सके।

चित्रकला में आस्था नामदेव हुई पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सभी प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया। दो से आठ अक्टूबर तक पूरे जिले में बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार कर अभियान के तहत विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगितायें हुई।

गुरुवार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरुस्कृत करना था। सभी प्रधानाध्यापक ने अपने विद्यालयों से तीन-तीन उत्कृष्ट प्रविष्टियों मे से निर्णायक मंडल विधिक सेवा प्राधिकरण से निबंध, चित्रकला में उत्कृष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रविष्टियों को चयनित कर पुरस्कृत करना था। अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख ईनाम सिद्दीकी ने निर्णायक मंडल से प्राप्त उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने को कवीं में उच्च प्राथमिक विद्यालय अहिरी क्षेत्र मऊ की छात्रा आस्था नामदेव कक्षा आठ को जिले में चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाने पर सम्मानित किया। छात्रा के सम्मानित होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मऊ कृष्ण दत्त पांडेय एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक छत्रपाल सिंह ने छात्रा की सराहना कर खुशी जाहिर की। विद्यालय में मौजूद छात्रा को पुरस्कृत किया। इस मौके पर शिक्षक शीतल सिंह, विद्याभूषण पांडेय, अनुदेशक जितेंद्र सिंह, प्राथमिक विद्यालय अहिरी के प्रधानाध्यापक शारदेंदु शुक्ला, सतेंद्र सिंह बीआरसी वरिष्ठ लिपिक आदि मौजूद रहे।

98 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को दें आठ माह का मानदेय: विधायक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता से कार्यरत 98 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का आठ माह से मानदेय दिलाने को पत्र लिखा है।

गुरुवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि संलग्न प्रार्थना पत्र को देखने का कष्ट करें। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता से 98 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, स्वीपर कम चैकीदार व स्वीप्रेस के पदों पर चार वर्षों से कार्य कर रहे हैं। आठ माह से इन्हें मानदेय नहीं मिला। इन्हें परिवार चलाने में भारी परेशानी हो रही है। चतुर्थ श्रेणी कर्मी खासे हताश हैं। इन कर्मियों ने कई बार विभाग व जिले के उच्चाधिकारियों को मौखिक व पत्र से अवगत कराया है। आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, बल्कि ये कहकर टाल दिया जाता है कि मानदेय को बजट नहीं है। शासन को पत्र भेजा गया है।

विधायक ने सेवा प्रदाता से जिले के सीएमओ कार्यालय में कार्यरत 98 चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को आठ माह से मानदेय दिलवाने की मांग की है। उन्होंने इस बाबत सूबे के मुख्य सचिव व आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल व महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उप्र को पत्र लिखा है।

श्रेष्ठ प्रतिभागियों को शानू ने किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कानपुर-महाराष्ट्र मंडल में टीवी शो धमाल इंडिया डांस के आयोजन में प्रयागराज, बांदा, कानपुर, लखनऊ व चित्रकूट डांस एकेडमी के बच्चों ने भाग लिया। चित्रकूट की डांस एकेडमी से जूनियर वर्ग में वैष्णवी त्रिपाठी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। नवी गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। माइकल जैक्सन डांस एकेडमी के लिटिल वर्ग से अंत्रिका पटेल प्रथम, आयुषी सिंह चैहान द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। विजयी प्रतिभागियों को व्यापारी नेता/समाजसेवी शानू गुप्ता ने ट्राफी पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

गुरुवार को उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि जिले में प्रतिभावान बच्चों ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ऐसे कला प्रेमी बच्चों में प्रतिभाओं का सागर है। बच्चों में बहुत सी कलायें हैं। उन्हें प्रोत्साहन व अच्छे प्लेटफार्म की जरूरत है। आने वाले समय में चित्रकूट की कलाओं का देश-दुनिया में नाम होगा। बच्चों की कलाओं को निखारने की जरूरत है। डांस एकेडमी संचालक रवि सोनी ने बताया कि डांस एकेडमी में बच्चों को नृत्य कला सिखाई जाती है।

पितृ विसर्जनी अमावस्या पर वाहनों का रुट डायवर्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने आम जनता से कहा है कि 14 अक्टूबर को पितृ विसर्जनी अमावस्या के मद्देनजर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं हादसों की रोकथाम को शहर क्षेत्र में भारी एवं मध्यम मालवाहनों में आपातकालीन वाहनों को छोड़कर प्रवेश में 13 से 15 अक्टूबर तक सवेरे साढ़े पांच बजे से रात साढ़े नौ बजे तक पूरी तरह प्रतिबन्ध रहेगा।

गुरुवार को उन्होंने बताया कि रेलवे क्रासिंग के पहले प्रयागराज रोड, पुलिस लाइन तिराहा मानिकपुर रोड, बेड़ीपुलिया मत्यगजेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा मार्ग, लोढ़वारा मोड राजापुर मार्ग, शेखनपुरवा मोड सोनेपुर सतना मार्ग, बेड़ीपुलिया तिराहा से निर्मोही अखाड़ा यूपी-एमपी बार्डर तक, शिवरामपुर तिराहा से यूपीटी तिराहा, भरतकूप तिराहा से खोही तिराहा, खोही तिराहा से यूपी-एमपी बार्डर पीलीकोठी तक बड़े वाहनों का आवागमन ठप रहेगा।

उन्होंने कहा कि ये आदेश प्रभावी रहने तक भारी एवं मध्यम मालवाहनों के आवागमन को डायवर्ट रूट सुनिश्चित किया है। भारी वाहनों का आवागमन प्रयागराज से बांदा व सतना जाने को बोड़ीपोखरी चैराहा से राजापुर होते हुये बांदा की ओर जायेंगें। यहां से सरैंया मारकुण्डी होते हुये सतना जायेंगे। राजापुर से आने वाले बड़े वाहन, पहाड़ी से अतर्रा बांदा की ओर जायेंगे। बांदा से प्रयागराज जाने वाले वाहन अतर्रा से बिसन्डा से पहाडी से राजापुर होकर प्रयागराज की ओर जायेंगे। सतना से प्रयागराज व कौशाम्बी जाने वाले वाहन बड़ी पाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ीपोखरी चैराहा से प्रयागराज जायेंगे। बड़ीपाटिन तिराहा से मारकुण्डी तिराहा होकर बोड़ी पोखरी चैराहा से राजापुर होते हुये कौशाम्बी जायेंगें।

धर्म परिवर्तन के आरोपी की जमानत खारिज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। धर्मनगरी में सफाई कर्मी के धर्म परिवर्तन मामले में जेल में बंद आरोपी की जमानत सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है।

गुरुवार को धर्म परिवर्तन के पहले चर्चित मामले बाबत जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि 15 सितम्बर को सीतापुर की केशनिया ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पौत्र सफाई कर्मी रंजीत कुमार पुत्र स्व संतोष कुमार का धर्म परिवर्तन सलमान रजा पुत्र अलीबख्श निवासी खोही ने करवाया था। रंजीत को पैसे का लालच देते हुए बहला-फुसलाकर नाम बदलकर रातिब रजा कर दिया था। आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी नाम बदल दिया गया। अब सलमान के परिवार के सदस्यों ने उनके परिवार के सारे लोगों को धर्म परिवर्तन कराने को दबाव बनाया। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

जेल में बंद आरोपी सलमान रजा उर्फ बरकत अली ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र पेश किया था। सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने मामले को गम्भीर सामाजिक अपराध करार देते हुये साम्प्रदायिक सौहार्द व लोक शान्ति बिगड़ने की सम्भावना के मद्देनजर जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया है।

आंखे हैं अनमोल का संदेश देता विश्व दृष्टि दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। संत रणछोड़दास महाराज के कर कमलों से स्थापित श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। ट्रस्ट से संचालित नेत्र चिकित्सालय में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ विश्व दृष्टि दिवस में नेत्र देखभाल जागरुकता को शामिल कर सभी विजन सेंटर नेटवर्क में महिलाओं-बच्चों को मुफ्त नेत्र जांच की गई।

गुरुवार को 25 से अधिक जिलों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगे। समाज के विभिन्न वर्गों में आंखों की देखभाल को जागरुकता बढ़ावा देने को प्रतियोगितायें एवं सत्र हुए। ट्रस्ट ने अन्य संस्थान मिशन फॉर विजन, साइट सेवर, सीबीएम, सेवा फाउंडेशन, वमताप्दे इंटरनेशनल, स्टैंडर्स चार्टर्ड बैंक एवं अन्य सभी अंधत्व निवारण में सहयोग देने वाली संस्थाओं का श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट सफलता को प्रत्येक संस्थानों एवं उनसे जुड़े लोगों के प्रति आभार जताया। ज्ञात है कि विश्व दृष्टि दिवस हर साल अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इस बार 12 अक्टूबर को पूरी दुनिया में ये मनाया जा रहा है। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने बताया कि लोगों के बीच आंखों से जुड़ी तमाम बीमारियों की बाबत जागरूकता फैलाना है।

भारतीय मूल की गीतांजलि को अमेरिका की प्रथम महिला ने किया सम्मानित, जानें 17 वर्षीय को क्यों मिला पुरस्कार

टोरंटो: भारतीय अमेरिकी किशोरी आविष्कारक गीतांजलि राव को देश भर में अपने समुदायों में बदलाव का नेतृत्व करने और एक उजवल भविष्य को आकार देने के प्रयास के लिए अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने सम्मानित किया है। उनके साथ 14 अन्य युवा महिला नेताओं को भी सम्मानित किया गया है। 17 वर्षीय वैज्ञानिक को बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर व्हाइट हाउस में आयोजित गर्ल्स लीडिंग चेंज समारोह में सम्मानित किया गया था। इस सम्मान के बाद गीताजंलि राव ने कहा, व्हाइट हाउस में गर्ल्स लीडिंग चेंज समारोह का जश्न मनाना मेरे लिए सम्मान की बात है। अन्य 14 युवा महिलाओं को सम्मानित किए जाने पर उन्होंने कहा, ये युवा महिलाएं पृथ्वी की रक्षा और संरक्षण कर रही हैं। मन बदलने के लिए ये कहानियां लिखती है और उसे साझा करती हैं और साथ ही अपने दर्द को उद्देश्य में बदलती हैं। वे पूरे देश में युवाओं का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखती हैं। मैं आशा करती हूं कि उनके आविष्कार और शक्तियों से सभी सीखें। गीतांजलि राव हाइलैंड्स रेंच, कोलोराडो की एक वैज्ञानिक हैं, जिनके सीसा संदूषण का पता लगाने वाले उपकरण ने उन्हें ईपीए राष्ट्रपति पुरस्कार और डिस्कवरी एजुकेशन/3एम द्वारा अमेरिका के शीर्ष युवा वैज्ञानिक का पुरस्कार दिलाया। विज्ञप्ति के अनुसार उनकी किताब यंग इनोवेटर्स गाइड टू एसटीईएम का उपयोग विश्व स्तर पर कई स्कूलों में एसटीईएम पाठ्यक्रम के रूप में किया जाता है।

इजराइल-हमास जंग: एयर कनाडा के पायलट को फिलीस्तीन का समर्थन पड़ा भारी, मिली सजा

ओटावा। इजराइल-हमास युद्ध के बीच कनाडाई एयरलाइन के एक पायलट को फिलीस्तीन का समर्थन भारी पड़ गया। एयर कनाडा ने अपनी वर्दी पर फिलीस्तीन समर्थक रंग पहनने के लिए मॉन्ट्रियल स्थित B787 पायलट को नौकरी से निकाल दिया है। टोरंटो सन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। टोरंटो सन के अनुसार, यह कदम पायलट के सोशल मीडिया पोस्ट में इजराइल के बारे में कथित रूप से अभद्र टिप्पणियों के बारे में चिंताओं के बाद उठाया गया है। टोरंटो सन ने एयर कनाडा के प्रवक्ता पीटर फिट्ज़पैट्रिक के हवाले से कहा, 'पायलट को कल सेवा से हटा दिया गया । हमने ऐसा इसलिए किया क्योंकि सोशल मीडिया पर व्यक्ति के विचार और पोस्टिंग किसी भी तरह से एयर कनाडा के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।' इस व्यक्ति को कभी भी एयर कनाडा कर्मचारी के रूप में अपनी पहचान बताते हुए सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है।'

घटना के बाद एयरलाइन ने अपने पायलट की पोस्ट की निंदा की और कहा कि वे मामले का गंभीरता से विश्लेषण कर रहे हैं। एयर कनाडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हमास आतंकवादी हमले के परिणामस्वरूप एयर कनाडा ने तेल अवीव के लिए अपने उड़ान मार्गों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

इजराइल में फंसे भारतीय सुरक्षित लौटेंगे वतन, भारत ने लॉन्च किया 'ऑपरेशन अजय'

ओटावा। भारत ने इजराइल से स्वदेश वापस आने की इच्छा रखने वाले भारतीयों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए 'ऑपरेशन अजय शुरू करने की बुधवार को घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब हमास चरमपंथियों और इजराइल के बीच पांचवें दिन भी सैन्य संघर्ष जारी रहा।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, ''इजराइल से लौटने के इच्छुक हमारे नागरिकों की वापसी के लिए 'ऑपरेशन अजय शुरू कर रहे हैं। जयशंकर इस समय श्रीलंका की यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा, ''विशेष चार्टर उड़ानों का प्रबंध और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हम विदेश में मौजूद अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।भारतीयों के पहले जत्थे को बृहस्पतिवार को एक विशेष उड़ान के जरिए इजराइल से वापस लाए जाने की उम्मीद है। इजराइल में भारतीय दूतावास ने जयशंकर की घोषणा के तुरंत बाद कहा कि उसने बृहस्पतिवार को विशेष उड़ान के लिए पंजीकृत भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे को ई-मेल भेज दिया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा गया, ''अगली उड़ानों के लिए अन्य पंजीकृत लोगों को संदेश भेजे जाएंगे।

इजराइल में करीब 18,000 भारतीय नागरिक काम या पढ़ाई के सिलसिले में रह रहे हैं। यहां रहने वाले भारतीयों का एक बड़ा हिस्सा देखभाल करने वालों के रूप में काम करता है, लेकिन वहां लगभग एक हजार छात्र, कई आईटी पेशेवर और हीरा व्यापारी भी हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मौजूदा हालत को देखते हुए भारतीय लोगों की सहायता के लिए इमरजेंसी नंबर जारी किया है।

इजराइल-हमास युद्ध में अबतक 22 अमेरिकी नागरिकों की मौत, गाजा की इस्लामिक यूनिवर्सिटी खंडहर में तब्दील

वाशिंगटन/यरूशलम। इजराइल-हमास युद्ध में मारे गए अमेरिकी नागरिकों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने इसकी पुष्टि की है। एक दिन पहले इस युद्ध में 14 अमेरिकी नागरिकों की मौत की पुष्टि की गई थी। वहीं इजराइली एयरफोर्स ने गाजा में इस्लामिक यूनिवर्सिटी पर हमला कर खंडहर में तब्दील कर दिया है। इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने बमबारी का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। फोर्सेस ने लिखा कि हमास ने इंस्टीट्यूट ऑफ नॉलेज को इंस्टीट्यूट ऑफ डेस्ट्रक्शन में तब्दील कर दिया है। हमास ने इस यूनिवर्सिटी को हथियारों के ट्रेनिंग कैंप में तब्दील कर दिया था। बमबारी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि हमें बिल्कुल स्पष्ट रुख अपनाना होगा। आतंकवाद को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, इजराइल अमेरिका का सहयोगी है और हम हमेशा साथ मिलकर काम करते रहेंगे। इधर, लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला और फिलिस्तीन चरमपंथियों के पास ड्रोन और ग्लाइडर होने की जानकारी है। विमान के सीमा में दाखिल होने की खबर ऐसे समय आई है जब बुधवार को हिजबुल्ला ने एक इजराइली सैन्य ठिकाने पर टैंक विध्वंसक मिसाइल दागीं, जिसमें सैनिकों के मारे जाने और घायल होने का दावा किया गया।

इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के उस क्षेत्र पर गोलाबारी की जहां से हमला किया गया था। इजराइली एयरफोर्स की ताजा कार्रवाई में इस्लामिक यूनिवर्सिटी की इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी ने मीडिया एजेंसी को बताया कि इजराइली सेना की कार्रवाई में कई इमारतें पूरी तरह से खत्म हो गई हैं। बमबारी के बाद वहां मलबा दिखाई दे रहा है। बमबारी के वक्त वहां पर धूल और धुएं का गुबार ही दिखाई दिया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और शीर्ष विपक्षी नेता ने फिलिस्तीन आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ युद्ध की निगरानी करने के लिए युद्धकालीन एकता सरकार बनाने का एक समझौता बुधवार को किया। नेशनल यूनिटी पार्टी के नेता बेनी गैंट्ज ने पूर्व में संकेत दिया था कि वह इजराइल के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए आपातकालीन एकता सरकार में बिना शर्त शामिल होने के इच्छुक हैं। उन्होंने एक विज्ञप्ति जारी कर एकता सरकार बनाने पर सहमति की जानकारी दी और इसे नेतन्याहू के साथ संयुक्त बयान करार दिया। गैंट्ज पूर्व में इजराइल के रक्षामंत्री और इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रमुख की भूमिका निभा चुके हैं। बयान में कहा गया कि वे पांच सदस्यीय 'युद्ध प्रबंधन' मंत्रिमंडल का गठन करेंगे। इसमें नेतन्याहू, गैंट्ज, मौजूदा रक्षामंत्री योआव गैलेंट और दो सेवारत शीर्ष अधिकारी बतौर 'पर्यवेक्षक' सदस्य शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि सरकार जबतक लड़ाई जारी रहेगी तब तक गैर युद्ध संबंधी कोई भी विधेयक पारित नहीं करेगी और न ही इससे जुड़ा फैसला लेगी।

मुख्य विपक्षी दल यायर लापिद को भी नए मंत्रिमंडल में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है लेकिन उनकी ओर से अबतक जवाब नहीं आया है। दक्षिणपंथी चरमपंथी नेता और राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर को एकमात्र नेता माना जा रहा था जो एकता गठबंधन स्थापित करने से अपने पैर खींच रहे थे।

अमेरिका ने दो दिनों में दूसरा विमानवाहक पोत इस्राइल भेजा, यूएसएस आइजनहावर भूमध्यसागर पहुंचा

बैंकाक/तेल अवीव। अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के पूर्वी भूमध्य सागर पहुंचने के बाद यूएसएस ड्वायट आइजनहावर विमानवाहक पोत भी भूमध्यसागर पहुंच चुका है। व्हाइट हाउस के प्रमुख अधिकारी जॉन किर्बी ने इस बात की जानकारी दी है।

यूएसएस आइजनहावर विमानवाहक पोत भूमध्यसागर पहुंचा

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जॉन किर्बी ने कहा, 'भूमध्य सागर में दूसरे विमानवाहक पोत की तैनाती को लेकर कोई परिचालन निर्णय नहीं लिया गया था।' उन्होंने बताया कि यूएसएस ड्वायट आइजनहावर विमानवाहक पोत उस दिशा में जा रहा था। उन्होंने आगे कहा, 'जैसा कि आपको मालूम है, विमानवाहक पोत यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड फिलहाल भूमध्य सागर में है। वह बुधवार को पहुंचा था। ये विमानवाहक

किसी भी संगठन, समूह, आतंकवादी नेटवर्क या इस्राइल के प्रति शत्रुतापूर्वक इरादों को अंजाम देने के तरीकों के निवारक के उद्देश्य से वहां मौजूद है।'यूएसएस जॉर्ज वॉशिंगटन और एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स को तैनाती के लिए तैयार किए जाने के सवाल पर किर्बी ने कहा, 'मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मैं आपको इस पर बात करने के लिए रक्षा विभाग के पास भेजूंगा। बता दूं कि आइजनहावर को इस क्षेत्र में तैनात करने के लिए लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। इस्राइल-हमास संघर्ष में अबतक इस्राइल की तरफ से 1200 के करीब नागरिकों की मौत हो चुकी है। हमास के आतंकियों ने सैकड़ों के करीब इस्राइली नागरिकों को बंधक बना रखा है।

नेतन्याहू ने खाई हमास को तबाह करने की कसम, बोले- संगठन में शामिल हर किसी की मौत तय

येरूशलम। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने विदेश मंत्री योव गैलेंट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पूर्व आईडीएफ स्टाफ के नेतृत्व वाली विपक्षी ब्लू एंड व्हाइट पार्टी के साथ मिलकर 'राष्ट्रीय आपातकाल की सरकार' की स्थापना की घोषणा की है। इस कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री बेनी गैंज भी शामिल थे। पीएम नेतन्याहू ने अपने संबोधन के दौरान आतंकी संगठन को चेतावनी देते हुए कहा कि अब हमास के सभी सदस्यों की मौत तय है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस हमास के हमले के बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू व्यक्तिगत तौर पर बयान दे रहे थे, लेकिन अब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बात की है। नेतन्याहू ने घोषणा करते हुए कहा,यहूदी राष्ट्र (इस्राइल) एक है और अब इसका नेतृत्व भी एकजुटता के साथ होगा। हमास को आईएसआईएसआई से भी घटिया कहने के बाद नेतन्याहू ने शनिवार को आतंकियों द्वारा किए गए अत्याचारों का जिक्र किया,

जिसमें लोगों को जिंदा जलाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा, इस्राइल में हर परिवार किसी न किसी तरह से पीड़ितों के परिवार से जुड़ा हुआ है। हम अपने घरों के लिए साथ मिलकर लड़ेगें। नेतन्याहू ने बताया कि उन्हें विश्व स्तरीय राजनेताओं का भी समर्थन मिला है। इस्राइली पीएम ने घोषणा करते हुए कहा, हम आक्रमक हो गए हैं। हमास से जुड़े प्रत्येक सदस्य की मौत तय है। नेतन्याहू ने कहा कि पूरा इस्राइल अपने सैनिकों के साथ खड़ा है और अब इस्राइल की जीत होगी। रक्षा मंत्री बेनी गैंज ने कहा, हम सब एक है। हम सभी इस संघर्ष में जुड़ रहे हैं। यहां केवल एक ही शिविर है और वह इस्राइल राष्ट्र का शिविर है। उन्होंने आगे कहा कि नेतन्याहू के साथ यह नई साझेदारी राजनीतिक नहीं बल्कि भाग्य की साझेदारी है।

'आतंकी मेरे बिल्कुल करीब है', 19 वर्षीय इस्राइली सेना की जवान का अपने परिजनों को आखिरी संदेश

वाशिंगटन। इस्राइल पर हमास के हमले के दौरान सशस्त्र बलों की 77वीं बटालियन में सेवारत 19 वर्षीय सेना की जवान कॉर्पोरल नामा बोनी की जान चली गई।

हमले के दौरान वह घायल हो गई थीं और उसी वक्त उन्होंने अपने परिवार को मैसेज किया कि आतंकी उनके छिपने वाले स्थान के बहुत करीब है।बोनी को वहां से भाग निकलने का अवसर मिला और वह किसी अन्य जगह जाकर छिप गई। इस दौरान उन्होंने अपने घरवालों को संदेश भेजा, जिसमें बोनी ने लिखा, 'मैं आप सबकी चिंता करती हूं। मेरे सिर पर चोट लगी है और आतंकी मेरे बिलकुल करीब है। वह किस भी क्षण मुझे गोली मार सकता है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं वर्तमान

समय में गोलानी ब्रिगेड के एक घायल सैनिक के साथ हूं और यहां रसद मौजूद नहीं है। एक आतंकी यहां से नहीं जा रहा है। मैं यहां किसी के चिखने की आवाज सुन सकती हूं।' बोनी के रिश्तेदार ने बताया कि हमले के समय वह निकास द्वार के पास फंस गई थी। वह करीब 7:30 बजे और उसके बाद से संदेश भेज रही थी। हालांकि, इसके बाद उसका संदेश नहीं आया। इसके बाद बोनी के परिवारवाले उस तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। बाद में उन्हें बताया गया कि बोनी को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

रिश्तेदार ने बताया, हम पूरी तरह से विश्वास करना चाहते थे कि वह जिंदा है, लेकिन सूचना अधिकारी ने उनके माता-पिता को बताया कि वह अब केवल एक आंकड़ा बनकर रह गई है। बोनी ने सात महीने पहले इस्राइली सेना में भर्ती हुई थी।

इजरायल के खिलाफ जंग में कूदा लेबनान, हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इजरायली सेना पर किया हमला

काठमांडू। इज़रायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है। लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इज़रायली सेना पर हमला किया, जिसके बाद इज़रायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इज़रायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रुसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इज़रायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताज़ा स्थिति की जानकारी देंगे। ताज़ा आंकड़ों के अनुसार इज़रायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी। हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल 'अल अक्सा' ने बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के कमांडर के रिश्तेदार मारे गए। एक इजरायली युद्धक विमान ने अल-कसम के मुख्य कमांडर मोहम्मद अल-दीफ के भाई के घर को निशाना बनाया। मिली जानकारी के अनुसार, हमले में घर को पूरी तरह से नष्ट हो गया और हमले में खान यूनिस शहर में उनके भाई, साथ ही उनके भाई के बेटे और बेटी की मौत हो गयी है।

'इस्राइल तो सिर्फ शुरुआत, पूरी दुनिया में हमारा कानून लागू होगा', हमास के कमांडर का चौंकाने वाला दावा

इस्राइल पर हमले के बाद हमास कमांडर महमूद अल जहर ने एक मिनट से अधिक का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने पूरी दुनिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने का दावा किया है। उनकी ये चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब हमास ने इस्राइल पर रॉकेट हमलों के बाद सैकड़ों इस्राइली नागरिकों को बंधक बना लिया है।

हमास कमांडर ने दी पूरी

कमांडर महमूद अल जहर ने वीडियो जारी कर पूरी दुनिया को

चेतावनी दी है।

हमास कमांडर ने वीडियो में कहा, 'इस्राइल केवल पहला लक्ष्य है। पूरी दुनिया हमारे कानून के अंदर होगी। 510 मिलियन वर्ग किलोमीटर वाली पूरी दुनिया एक ऐसे व्यवस्था के अंतर्गत आएगी, जहां कोई अन्याय नहीं होगा, न कोई जुल्म होगा और न ही कोई अपराध होगा, जैसा कि सभी अरब देशों, लेबनान और सीरीया में फलस्तीनियों के साथ किया जा रहा है।हमास कमांडर के इस वीडियो के बाद ही इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने आतंकी संगठन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमास के प्रत्येक सदस्यों का मौत तय है। उन्होंने कहा, हमास एक दाएश (आतंकी संगठन आईएसआईएस) है और हम उसे कुचल देंगे। जैसे दुनिया ने उसे नष्ट किया है, हम भी कर देंगे।इस्राइल पर रॉकेट हमले करने के बाद हमास के आतंकियों ने सैकड़ों इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाया हुआ है। हमास के खिलाफ इस्राइल के पीएम और विपक्षी पार्टियों ने मिलकर राष्ट्रीय आपातकाल की सरकार की स्थापना की है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

खालिस्तानी आतंकियों को आश्रय देने वाले व्यक्ति को कनाडा ने दिया प्रवेश

टोरंटो। कनाडा ने खालिस्तानी आतंकियों को आश्रय व भोजन देने वाले को देश में प्रवेश की अनुमित दे दी है। कनाडा के आव्रजन न्यायाधिकरण ने फैसला दिया है कि करीब एक दशक पहले भारत में खालिस्तानी आतंकवादियों को आश्रय और भोजन मुहैया कराने वाले सिख व्यक्ति को देश में प्रवेश की अनुमति दी जाए, क्योंकि उसने ऐसा परिस्थितिवश और प्रतिशोध की कार्रवाई के डर से किया था। जानकारी के मुताबिक आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड न्यायाधिकरण सदस्य हैदी वॉर्सफोल्ड ने हालिया फैसले में कहा कि सरकार के पास तार्किक आधार नहीं है कि वह भारतीय नागरिक कमलजीत राम को इस मान्यता के आधार पर कनाडा में प्रवेश करने से अयोग्य

करार दे कि उसने खालिस्तानी आतंकवादियों को 'सुरक्षित आवास' और 'सामरिक सहयोग' मुहैया कराया था।

एक अखबार के मुताबिक आव्रजन न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि करीब एक दशक पहले भारत में सशस्त्र खालिस्तानी कनाडा की संघीय सरकार ने कमलजीत को देश में प्रवेश करने से रोकने का आदेश मूल आदेश कनाडा सीमा सेवा एजेंसी के अधिकारियों से उसके साक्षात्कार के बाद जारी किया था। कमलजीत ने अधिकारियों को बताया था कि उसने 1982 से 1992 के बीच सशस्त्र सिख आतंकवादियों को भारत स्थित अपने खेत में आश्रय और भोजन उपलब्ध कराया था।

वॉर्सफोल्ड ने पाया कि सरकार कमलजीत द्वारा उस समय सशस्त्र आतंकवादियों के समर्थन संबंधी आकलन में बहुत आगे तक चली गई और उसने इस बात पर गौर नहीं किया कि कमलजीत ने बार-बार स्वीकार किया कि उसने हथियारबंद लोगों को आश्रय केवल प्रतिशोध के भय से दिया।

सीतारमण ने ब्राजील के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री से द्विपक्षीय मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली/मराकेश। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को ब्राजील के अर्थव्यवस्था मामलों के मंत्री फर्नांडो हद्दाद से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने सहित आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने ह्यएक्सह्व पोस्ट पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण और फर्नांडो हद्दाद ने यहां मुलाकात की। मोरक्को के मराकेश में जी-20 वित्त मंत्रियों तथा केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की चौथी बैठक और मुद्राकोष-विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने अलग से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पारस्परिक हित के मुद्दों पर चर्चा की। इसमें एमडीबी को

मजबूत करना, जलवायु परिवर्तन के लिए वित्त जुटाना, क्रिप्टो संपत्तियां, वित्तीय समावेश को आगे बढ़ाना, ब्रिक्स का विस्तार आदि शामिल हैं। सीतारमण ने इस दौरान ब्राजील की सफलता की कामना और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। ब्राजील के 2024 में जी-20 की अध्यक्षता संभालने और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के पास इसकी अध्यक्षता जाने पर उन्होंने कहा कि यह वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) के मुद्दों को सकारात्मक गति तथा ऊंचाई प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। गौरतलब है कि ब्राजील एक दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा। वह 2024 में अगली जी-20 बैठक की मेजबानी करेगा। फिलहाल जी-20 की अध्यक्षता भारत के पास है।